


बालाघाट, सिवनी, छिंदवाड़ा, गोंदिया, भंडारा, नागपुर से एक साथ प्रकाशित एवं प्रसारित हिन्दी दैनिक..

# जग प्रेरणा

बालाघाट - 06 अप्रैल 2026 | दिन - सोमवार | वर्ष-14 वां | पृष्ठ - 12 | अंक - 68 | मूल्य - 5 रुपये









## लखनऊ में यातायात जाम में फंसे व्यक्ति ने निकाली पिस्तौल..

**लखनऊ, (भाषा)।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में यातायात जाम में फंसे एक व्यक्ति ने पिस्तौल निकाल ली। ठाकुरगंज थाना प्रभारी ओमवीर सिंह चौहान ने कहा कि यह घटना शनिवार को सादतगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत रज्जाबगंज रोड पर घटी। चौहान ने बताया कि व्यक्ति की पहचान शराफत अली (40) के रूप में की गई है जो हरदोई का निवासी है और पूर्व सैनिक है। वर्तमान में वह लखनऊ में रह रहा है। उन्होंने बताया, आज जब उसे पुलिस थाना पर बुलाया गया तो उसने लिखित में यह बयान दिया कि उससे गलती हुई। गलती यह थी कि पिस्तौल उसकी जेब से फिसल गई थी जिसके बाद उसने लाइसेंसी पिस्तौल को अपने हाथ में ले लिया। शराफत अली ने कहा कि उसका कोई गलत इरादा नहीं था और ना ही उसने जानबूझकर पिस्तौल निकाली। इसलिए उसके खिलाफकोई मामला दर्ज नहीं किया गया।

## कुख्यात अपराधी का नाम अपराधियों की सूची में शामिल न करने पर थाना प्रभारी निलंबित..

**कोलकाता, (भाषा)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले अपराधियों की सूची में एक कुख्यात अपराधी का नाम शामिल न करने के आरोप में निर्वाचन आयोग ने कोलकाता के कस्बा थाने के प्रभारी (ओसी) बिस्वजीत देबनाथ को निलंबित कर दिया है। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने रविवार शाम यह जानकारी दी। निलंबन से पहले ओसी देबनाथ को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसमें पूछा गया था कि उनके क्षेत्र में सक्रिय कुख्यात अपराधी सोना पप्पू उर्फ बिस्वजीत पोद्दार का नाम अपराधियों की सूची में क्यों शामिल नहीं किया गया, जबकि उसके खिलाफकई मामले दर्ज हैं। हाल ही में गोल पार्क इलाके में दो गुटों के बीच हुई झड़प के दौरान बम फेंकने की घटना में भी सोना पप्पू का नाम सामने आया था। फिलहाल वह फरार बताया जा रहा है।

# रेल नीर घोटाला : जांच एजेंसियों के खुलासे से संबंधित आरटीआई डेटा देने से इनकार पर आईआरसीटीसी को फटकार

**नई दिल्ली। (भाषा)।**

***केंद्रीय सूचना आयोग ने भारतीय रेलवे की खानपान इकाई भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) को, एक आरटीआई अर्जी पर सूचना देने से इनकार करने के लिए फटकार लगाई है।***




उक्त अर्जी में यह सवाल किया गया था कि क्या रेलवे निविदाओं के लिए बोली लगाने वाली कंपनियों ने रेल नीर 'घोटाले' और केंद्रीय एजेंसियों द्वारा जांच किए जा रहे संबंधित मामलों से अपने कथित संबंधों का खुलासा किया था। आरटीआई आवेदक ने आईआरसीटीसी से सवाल किया था कि क्या बोली लगाने वालों ने अपने टेंडर दस्तावेजों में अपने खिलाफ जारी केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) या प्रवर्तन निदेशालय मामलों, यदि हैं तो, का स्पष्ट उल्लेख किया है।

रेल नीर ''घोटाला'' 2015 का एक भ्रष्टाचार का मामला था, जिसकी जांच सीबीआई ने की। इसमें निजी खानपान कंपनियों ने प्रीमियम ट्रेनों (जैसे राजधानी और शताब्दी) में निर्धारित ÷रेल नीर÷ पानी की जगह सस्ता बोतलबंद पानी की आपूर्ति की जिससे रेलवे को करीब 19.5 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। आरटीआई में विशेष रूप से सवाल किया गया था कि क्या बोली लगाने वालों यह घोषित किया था कि वे ÷कुख्यात रेल नीर घोटाले में आरोपी÷ हैं और सीबीआई ने ÷उनके खिलाफ प्राथमिकी (आरसी-डीएआई-2015-ए-0032) दर्ज की है।'' इसमें यह भी सवाल किया गया था कि क्या उन्होंने यह खुलासा किया था कि ईडी ने आईपीसी की धारा 120बी और धारा 420 तथा भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 13(2) और 13(1)(डी) के तहत मामला दर्ज किया था। आवेदक यह भी सवाल किया कि क्या बोली लगाने वालों ने इन मामलों में हुई महत्वपूर्ण घटनाओं के बारे में अधिकारियों को सूचित किया था, जैसे कि छापेमारी, नकदी जब्ती और यह बताया था कि क्या एजेंसियों द्वारा अदालत में कोई ''आरोपपत्र'' या ''शिकायत'' दाखिल की गई थी। कुल मिलाकर, आरटीआई का उद्देश्य यह जांचना था कि क्या सरकारी निविदाओं में भाग लेते समय कंपनियां अपने खिलाफजारी जांचों के बारे में पारदर्शी थीं।

हालांकि, आईआरसीटीसी ने आंकड़े देने से इनकार करते हुए कहा, ÷मांगी गई जानकारी को सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा 8 (डी) के तहत खुलासा करने से छूट है।÷ सुनवाई के दौरान, अपीलकर्ता ने दलील दी कि जानकारी ÷व्यापक जनहित÷ में मांगी गई थी और उसे ÷गलत तरीके से देने से इनकार कर दिया गया।÷ अपीलकर्ता ने दावा किया कि वह आरटीआई कानून के तहत ऐसी जानकारी प्राप्त करने का हकदार है। प्रतिवादी अधिकारियों ने अपने रुख का बचाव करते हुए कहा कि उन्होंने ''अपीलकर्ता को छूट के बारे में स्पष्ट रूप से सूचित किया था'' और प्रथम अपीलीय प्राधिकारी ने उनके जवाब को सही ठहराया था। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने मामले की पड़ताल करते हुए, जवाब को अपर्याप्त पाया और कहा कि इसमें ÷केवल छूट खंड का उल्लेख है, कोई कारण या औचित्य नहीं दिया गया है।''

सीआईसी ने कहा, ''यदि कोई सिर्फकिसी छूट की धारा का नाम बताता है, बिना यह बताए कि वह जानकारी पर कैसे लागू होती है, तो इसे आरटीआई अधिनियम के तहत वैध या स्पष्ट जवाब नहीं माना जाएगा।'' आयोग ने कानूनी आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि सूचना से इनकार के पीछे ÷ठोस कारण÷ होने चाहिए और यह भी कहा कि ''छूट की प्रासंगिकता साबित करने की जिम्मेदारी पूरी तरह से सार्वजनिक प्राधिकार पर है।''जवाब को अपर्याप्त मानते हुए, सीआईसी ने कहा कि यह ÷सूचना के अधिकार अधिनियम के प्रावधानों के अनुरूप नहीं है÷ और आईआरसीटीसी को सूचना के अधिकार आवेदन पर पुनर्विचार करने और ÷नया, तर्कसंगत जवाब÷ देने का निर्देश दिया।





## आवश्यकता है..

*ऑफिस एकाउंट / ऑडिट कार्य हेतु 10वी., 12वी, बी.काम. प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण युवक/ युवती की आवश्यकता है।*
*संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।*
*बाघरेचा तिजारे एंड एसोसिएट्स, श्याम टॉकीज एंड मॉल, मेन रोड, बालाघाट (म.प्र.)*
*संपर्क - 9244872544/9201340520*

## आवश्यकता है..

बालाघाट शहर के महावीर कालोनी में स्थित अनाज फर्म ऑफिस मीरा ट्रेडर्स में कम्प्यूटर ऑपरेटर, फील्ड वर्कर, रिसेप्शनिष्ट एवं पर्सनल असिस्टेंट के पद पर कार्य के लिये युवक युवतियों की आवश्यकता है। आकर्षक वेतन एवं सुविधाएं भी..।
संपर्क करें..
मनोज सचदेव
मो. 9425822975






## आवश्यकता है..

*ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वीं पास, युवती की आवश्यकता है।*
संपर्क - शाम 5.00 से 8.00।
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520


# बारामती सीट पर निर्विरोध चुनाव की सुनेत्रा पवार की अपील को ठुकराकर कांग्रेस ने प्रत्याशी के नाम का ऐलान

## कांग्रेस ने आकाश मोरे को बनाया उम्मीदवार

**मुंबई।**

***महाराष्ट्र की बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। वहीं अब कांग्रेस ने इस सीट के लिए अपने प्रत्याशी के नाम का ऐलान भी कर दिया है। इससे पहले यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि अजित पवार के सम्मान में इस सीट को निर्विरोध रखा जाएगा। हालांकि अब कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी के नाम का***


AICC PRESS RELEASE

ASSEMBLY BYE-ELECTIONS - 2026

**MAHARASHTRA**

The Congress President, Shri Mallikarjun Kharge, has approved the candidature of **Adv. Akash Vishwanath More** as Congress candidate for the ensuing bye-election to the Legislative Assembly of Maharashtra from **201 – Baramati** Constituency.

For favour of publication.

All India Congress Committee, 24, Akbar Road, New Delhi-11

( K.C. VENUGOPAL )
General Secretary AICC
5th April, 2026



ऐलान होने के बाद इन अटकलों पर विराम लग गया है और यह तय हो गया है कि बारामती सीट निर्विरोध नहीं रहेगी। इससे पहले आज ही सुनेत्रा पवार ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल को फोन करके उनसे निर्विरोध उपचुनाव सुनिश्चित करने का आग्रह किया था।

दरअसल, बारामती विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने आकाश मोरे को चुनावी मैदान में उतारा है। आकाश मोरे कांग्रेस पार्टी के प्रदेश इकाई के सचिव हैं। आकाश मोरे का मुकाबला महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार से होगा, जो अजित पवार की पत्नी हैं। अजित पवार की प्लेन क्रैश में निधन के बाद से यह सीट खाली थी, जिसपर उपचुनाव कराया जा रहा है।

कांग्रेस नेताओं ने बताया कि आकाश मोरे पार्टी के पूर्व विधानपरिषद सदस्य विजयराव मोरे के बेटे हैं और धांगर समुदाय से संबंध आते हैं। उन्होंने बताया कि वह सोमवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे जो इस प्रक्रिया की




## सुनेत्रा पवार ने विपक्षी दलों से की थी निर्विरोध चुनाव की अपील

बता दें कि बारामती सीट पर निर्विरोध चुनाव कराने को लेकर तमाम प्रयास किए जा रहे थे। इसके लिए सुनेत्रा पवार ने आज ही कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष से फोन पर बात भी की थी। वहीं एक दिन पहले, सुनेत्रा पवार ने शिवसेना (उबाठा) प्रमुख उद्धव ठाकरे से भी समर्थन मांगा था। इसके अलावा शरद पवार की एनसीपी ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि वह बारामती सीट पर अजित पवार के सम्मान में उपचुनाव नहीं लड़ेगी। ऐसे में अब कांग्रेस की ओर से प्रत्याशी का नाम घोषित करने के बाद राजनीतिक हलचल तेज हो गई है। बता दें कि इस सीट पर 23 अप्रैल को मतदान होगा, जबकि नतीजे 4 मई को घोषित किए जाएंगे।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

हसीब मोहम्मद सिवनी
मो. 7898530101

जग प्रेरणा
जिला सिवनी

● अरी ● गंगेरुआ ● बरघाट ● लखनादौन ● छपारा ● केवलारी

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# सराफा व्यवसायी की कार से करीब 80 लाख रुपए के सोने-चांदी के जेवर चोरी..



जगप्रेरणा सिवनी।

***जिले के बरघाट नगर में एक सराफा व्यवसायी के साथ करीब 80 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहने चोरी हो गए। बदमाशों ने जेवर से भरे दो बैग को कार से पार कर दिया।***

यह वारदात उस समय हुई जब सराफा कारोबारी अपनी दुकान बंद कर रहे थे। पूरी घटना महज 10 सेकेंड में हुई। इसका सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है।

बदमाश ने वारदात को उस समय अंजाम दिया जब सराफा कारोबारी गहनों से भरे बैग कार में रखकर दुकान में ताला लगा रहे थे। बैग कार में रखकर दुकान का शटर बंद करने लगे। सराफा कारोबारी दिलीप महाजन शनिवार रात करीब 8.30 बजे गहनों से भरे बैग कार में रख रहे थे। वह बगैर कार को लॉक किए दुकान का शटर बंद करने लगे। इसी दौरान पहले से घात लगाए एक बदमाश कार के पास पहुंचा। वह गेट खोलकर अंदर झुका और दोनों बैग लेकर तेजी से निकल गया। कुछ दूरी पर उसका साथी बाइक के साथ खड़ा था, दोनों बालाघाट की और भाग निकले।

## फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही..

घटना की सूचना मिलते ही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा और एसडीओपी मौके पर पहुंचे। थाना प्रभारी मोहनीश बैस ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनकी तलाश जारी है। पुलिस ने जल्द खुलासा करने का दावा किया है।

## दोनों बैग में 25 किलो चांदी और 30 तोला सोना..

पीड़ित दिलीप महाजन के अनुसार बैग में करीब 25 किलो चांदी, 30 तोला सोना और 2-3 लाख रुपए कैश था। महाजन ने 7-8 महीने पहले ही सराफा दुकान शुरू की थी। इससे पहले वे किसान थे, उनकी चाय-नाश्ते की होटल भी थी।

# वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर में बटुक ब्राह्मणों ने किया शिखर कलश स्थापित

## हर हर महादेव से गूंजा परिसर..



जगप्रेरणा सिवनी।

***नगर के बारापत्थर स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी समता नगर में नवनिर्मित वीर वटकेश्वर महादेव मंदिर के शिखर पर कलश स्थापना राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय***

कथावाचक श्रीमाता राजराजेश्वरी दुर्गा चौक दुर्गा मंदिर के आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी के सानिध्य में दिनांक 2 अप्रैल 2026 हनुमान जन्मोत्सव चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा,विक्रम संवत 2083,शक संवत 1948, अभिजीत मुहूर्त,अमृत काल में कलश का पूजन अभिषेक कर मंदिर के शिखर पर वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बटुक ब्राह्मण,लक्ष्य एवं योग शर्मा के हस्ते, श्री शिवाय नमस्तुभ्यं,ओम नमः शिवाय एवं हर हर महादेव के गगनभेदी उदघोष के मध्य सैकड़ो शिव भक्त की उपस्थिति में शिखर कलश की स्थापना की गई। सैकड़ो शिव भक्त इस ऐतिहासिक एवं धार्मिक कार्यक्रम के साक्षी एवं पुण्य के भागी बने।उपस्थित सभी ने इस अविरल भक्ति में अपने को धन्य माना। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित मोहन पांडे, सहयोगी पंडित शुभम महाराज तथा सभी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी रहे। ज्ञात हो कि नवनिर्मित मंदिर नगर के प्रतिष्ठित परिवार के धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहे स्वर्गीय चंद्रभान सिंह एवं स्वर्गीय श्रीमती तारा देवी की स्मृति में उनके सुपुत्र जितेंद्र सिंह द्वारा उनके निज निवास बारापत्थर स्थित कॉलोनी समता नगर के प्राचीन वट वृक्ष में भगवान शिवजी का मंदिर एवं शिव परिवार की स्थापना बीते वर्ष दिनांक 5 अगस्त 2025 दिन मंगलवार, शक संवत 1947, विक्रम संवत 2082, मास श्रावण, शुक्ल पक्ष, तिथि पुत्रदा एकादशी, नक्षत्र ज्येष्ठा, मंगला गौरी व्रत अभिजीत मुहूर्त में की गई थी। वहीं शिवजी के प्राकटोत्सव शिवरात्रि के दिन सवा क्विंटल वजनी त्रिशूल स्थापित किया गया। शिखर कलश स्थापना के अवसर पर आचार्य पंडित राजेंद्र पांडे जी ने कहा कि जिन मंदिरों में गुम्बद या शिखर बनाया जाता है उनमें उस गुम्बद या शिखर पर कलश व ध्वजा चढ़ाना अनिवार्य होता है। हमारी वैदिक परम्परा में हमारे मन्दिरों के कलश व ध्वजा को मुक्ताकाश अर्थात् खुले आसमान के नीचे होना आवश्यक है।

मन्दिर के कलश व ध्वजा के ऊपर छत इत्यादि का होना शास्त्रानुसार निषिद्ध है। वैदिक परम्परा में जहां तक मन्दिर के कलश व ध्वजा के दर्शन होते रहते हैं उतना क्षेत्र धर्मक्षेत्र के अन्तर्गत आता है।ऐसी मान्यता है कि उस क्षेत्र में परमात्मा का प्रभामण्डल अधिक सक्रिय रूप में उपस्थित होता है।सनातन धर्मानुसार यदि किसी मन्दिर के केवल कलश व ध्वजा का दर्शन कर प्रणाम कर लिया जाए तो मन्दिर जाने का पुण्यफल प्राप्त हो जाता है।इसलिए घरों के पूजाघर में बने या रखे मन्दिरों में गुम्बद, शिखर, कलश व ध्वजा का लगाया जाना निषिद्ध है।

# नगर परिषद बरघाट के वार्ड क्रं. 03 में वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन

दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे मो. 9329033433



जगप्रेरणा सिवनी।

***अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के मंशानुरूप संगठन सृजन अभियान को लेकर मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के दिशा निर्देशानुसार,***

जिले के नगरीय क्षेत्रों में वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन की कार्ययोजना के अन्तर्गत जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी द्वारा बरघाट नगर परिषद के नगर कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस जन की उपस्थिति में नगर परिषद के वार्ड क्रं 03 में वार्ड कांग्रेस कमेटी के गठन के संबंध में प्रभावी जानकारी देकर कमेटी के पदाधिकारियों का चयन किया गया एवं वार्ड कमेटी का गठन और कमेटी के महत्व की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुये कहा कि आपको वार्ड और पंचायत कांग्रेस कमेटी के गठन में जहाँ कही पर परेशानी महसूस हो रही हो तो वहाँ मैं स्वयं आकर कांग्रेस कमेटी का गठन करने तैयार हूँ।

इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सिंह ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राहंगडाले, सुनील अवधिया, सुरेन्द्र जैसवाल, दुपेन्द्र अमूले, विजय उइके, नरेश अहिरवार, नारायण सूर्यवंशी, ऋषभ जायसवाल, टिंकू गुप्ता, प्रकाश चौधरी, राकेश जैन, सुभाष चौधरी, आसिफ खान, ताहिर खान, प्रमोद अवधवाल, गोलू मालवीय, सौरभ जायसवाल, कुंवरसिंह राजपूत, सेलवेन्द्र मायन, गोंविद राणा, नवीन नगभिरे, घनश्याम बनवाले, संतोष डहाटे, छोटू लुधियाना, अजय उके सहित बडी संख्या में कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

# नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा रानी लक्ष्मीबाई व अकबर वार्ड की वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन




जगप्रेरणा सिवनी।

***संगठन सृजन अभियान के तहत प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी की मंशानुरूप जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के निर्देशानुसार***

**नगर कांग्रेस कमेटी सिवनी द्वारा रानी लक्ष्मी बाई वार्ड व अकबर वार्ड की वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन जिला कांग्रेस के संगठन महासचिव मो. हनीफ अंसारी, नगर महिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती ललिता बघेल, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष तनवीर अहमद एवं अदनान खान, आसिम मंसूरी, शहजादे, अभय रावतेल, मनीष नाग, सौरभ नागोत्रा की उपस्थिति में वार्ड कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया।**

# लखनादौन स्थित प्राचीन बावड़ी में की गई स्वच्छता



जगप्रेरणा लखनादौन।

***मप्र शासन द्वारा संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत लखनादौन विकासखंड में मप्र जन अभियान परिषद द्वारा स्थानीय श्री हनुमान मंदिर के समीप स्थित प्राचीन बावड़ी में***

विकासखंड समन्वयक श्रीमती रीतावर्मा श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें समाजकार्य स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र छात्राएं, नवांकुर एवं प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधि, स्थानीय सामाजिक कार्यकर्ता, विभागीय प्रतिनिधि गणों सहित क्षेत्रीय जन शामिल हुए एवं बावड़ी में इकट्ठे हुए कचरे को एकत्र कर निपटान किया साथ ही सफाई करने के बाद, पेंटिंग करके परिसर को सुंदर करने प्रयास किया गया, कार्यक्रम में महाविद्यालय में अध्ययनरत मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम के छात्र छात्राओं सहित परामर्शदातागण उपस्थित रहे।ज्ञात हो कि मप्र के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है जिसका वर्तमान में प्रथम चरण प्रारंभ है जिले में कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देश पर विकासखंड में नियमित गतिविधियां संचालित की जा रही है।

# दया धर्म का मूल है: ग्रीष्म ऋतु में प्यासे घूमते पशुओं के प्रति करूणा के भाव रखते हुए पानी के टांके रखे शंकर ने



जगप्रेरणा सिवनी।

***सदैव सामाजिक सेवा कार्यों में अग्रणीय दया धर्म का मूल है के सूत्र को अपने हृदय आचरण में आत्मसात कर उपनगरीय भैरोगंज सिवनी के निवासी***



शंकर मखीजा द्वारा इन गर्मी के दिनों नगर के विभिन्न स्थलों में घूमते मूक पशुओं की प्यास बुझाने के पवित्र उद्देश्य से अनेक सार्वजनिक स्थलों में सीमेंट के पक्के टांके रखे जाकर उन स्थान के निवासियों से बड़ा ही मार्मिक अनुरोध किया जा रहा है कि आप प्रतिदिन कम से कम एक दो बाल्टी पानी इन टांकों में गाय, बैल, भैंस, बकरी, कुत्ते आदि मूक प्राणियों की प्यास बुझाने के दया के भावों से भरे, ताकि वे उस भरे पानी से अपनी प्यास बुझा ले। उनके द्वारा विगत वर्षों में भी मूक प्राणियों के लिये निरंतर सेवा कार्य किये गए।

शनिवार को उनके द्वारा शुक्रवारी, बड़े जैन मंदिर क्षेत्र, बरघाट मार्ग, पुराने सूर्य मंदिर क्षेत्र, रघुनाथ नगर, मठ मंदिर क्षेत्र, पृथ्वी राज चौहान वार्ड, महामाया वार्ड कॉलेज रोड, लडैया मोहल्ला, अंबेडकर वार्ड आदि अनेक स्थानों चौक चौराहों में जाकर स्वयं के व्यय से टांके रखवाए गए उनके द्वारा किये गए इस पुनीत कार्य में लखनवाड़ा सोसायटी के प्रबंधक रामकुमार बघेल के द्वारा आर्थिक सहयोग किया गया।

नगर वासियों ने उनके द्वारा जीव रक्षा एवं दया के भावों से किये जा रहे उत्कृष्ट पुरुषार्थ को अनुकरणीय, प्रशंसनीय एवं सराहनीय बताकर साधुवाद प्रेषित किया है।

न्यू लाईफ मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल

डॉ. आमिर अंसारी
MBBS, MS (Gen. Surgery), FMAS, FISCP

डॉ. समरीन आमिर अंसारी
MBBS, DGO (KEM, Mumbai), FMAS

मिलने का समय
सुबह 10 से दोप. 1 बजे, शाम 4 से 7 बजे तक

विशेषज्ञ चिकित्सक सहित सुविधाएं उपलब्ध

पता- बड़ी ज्यारत डाल्डा फेक्ट्री रोड अकबर वार्ड सिवनी
मो.- 8817448039

# भारतीय जनता पार्टी सिर्फ जुमलो तक सीमित होकर रह गई है - श्रीमती ईशरत..

जगप्रेरणा सिवनी।

***भारतीय जनता पार्टी सिर्फजुमलो तक सीमित होकर रह गई है बेटी बचाओं बेटी पढ़ाओं, स्कूल चले हम, रूक जाना नहीं इस तरह के नारे देकर बेटियों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया गया। जब बेटियॉ पढ़ाई के लिए स्कूल जाने लगी तो स्कूल को उठाकर उनकी इच्छा के बगैर पंहुच से दूर कर दिया गया।***

भगतसिंह वार्ड पार्षद श्रीमती ईशरत नब्बू ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि शासकीय कस्तूरबा माध्यमिक कन्या शाला भगतसिंह वार्ड में अध्यनरत माध्यमिक स्कूल के प्रधान पाठक को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा एक पत्र लिखा गया, जिसमें यह आदेश दिया गया कि आपके विद्यालय में शाला भवन न होने के कारण आपको आदेशित किया जाता है कि आपने विद्यालय का संचालन प्राथमिक शाला भवन गंज वार्ड में किया जाना सुनिश्चित करें।

यह खबर सुनकर छात्राएँ और उनके अभिभावक बहुत ही असमंजस्य की स्थिति में आ गये, जो कि भगतसिंह वार्ड से काफी दूर है, रिक्शा, आटो का किराया अभिभावक वहन नहीं कर सकते, उस मार्ग में यातायात बहुत अधिक रहता है स्कूल के आसपास कच्ची शराब का विक्रय खुलेआम किया जाता है कच्ची शराब पीने वाले असामाजिक तत्व दिनभर शाला के आसपास घुमते नजर आते है इस कारण से अभिभावकों ने छात्राओं को स्थानांतरित शाला भेजना बंद कर दिया है। अभिभावकों एवं शाला में अध्यनरत छात्राओं ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला कलेक्टर से मुलाकात कर आवेदन दिया गया है कि उक्त शाला पूर्व की तरह भगतसिंह वार्ड में ही संचालन हो जिससे की छात्राओं का भविष्य खराब न हो, वही नियमित रूप से स्कूल जा सकें। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा भगतसिंह वार्ड में शाला भवन नही होने का जो कारण दिया है वह पूरी तरह भ्रामक है इतने वर्षो से इसी भवन में शाला संचालित की जा रही है ।

यदि सिवनी सांसद श्रीमती भारती पारधी, सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन, जिला कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी यह सब छात्राओं की शिक्षा को लेकर वास्तव में गंभीर है तो तत्काल गंज वार्ड में शाला लगाने के आदेश को निरस्त कर पूर्व की तरह भगतसिंह वार्ड में ही शाला लगाने के लिए तत्काल आदेशित करने का कष्ट करें।

सिवनी में जगप्रेरणा समाचार पत्र के लिये संपर्क करें..हसीब मोहम्मद 7898530101

# जाम खंड में सामाजिक सद्भाव बैठक संपन्न..



जगप्रेरणा सिवनी।

***सिवनी जिले के जाम में सामाजिक समन्वय, सहयोग और समरसता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जाम खंड के 15 मंडलों के अंतर्गत आने वाले***



152 ग्रामों के विभिन्न समाजों के प्रतिष्ठित नागरिकों की उपस्थिति में जाम स्थित जय गुरुदेव सेलिब्रेशन लॉन में सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित की गई।

कार्यक्रम की शुरुआत विभिन्न ग्रामों से पधारे सामाजिक जनों के पारंपरिक स्वागत से हुई। अतिथियों का पानी दिखाकर, तिलक लगाकर एवं गमछा पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही स्वल्पाहार की भी व्यवस्था की गई। बैठक के दौरान उपस्थित सामाजिक प्रतिनिधियों ने अपनी-अपनी समाजों द्वारा किए जा रहे विशेष कार्यों और समाज में व्याप्तकु रीतियों पर प्रकाश डाला। साथ ही विभिन्न समाजों के अच्छे सुझावों को अपनाकर उन्हें अपने समाज में लागू करने की बात भी कही गई। अंत में भारत माता के जयघोष के साथ बैठक का समापन किया गया।



कुंडली निर्माण, कुंडली मिलान, विवाह मुहूर्त, कुम्भ विवाह, वास्तु परामर्श, वास्तु शान्ति पूजन, पितृदोष, कालसर्प, अन्य ग्रहों की शांति पूजा एवं महामृत्युंजय अनुष्ठान, लक्ष्मी कुबेर अनुष्ठान, भैरव अनुष्ठान आदि के लिये संपर्क करें..

मार्गदर्शक
डॉ. अरविंदचन्द्र तिवारी
एसोसिएट प्रोफेसर कॉमर्स,
ज्योतिष पद्मविभूषण बालाघाट म.प्र.

ग्रहयोग भवन, नर्मदा नगर, शिव मंदिर चौक, बालाघाट
मो. 94251-38638
94067-38800

जग प्रेरणा

# शहर बालाघाट

● गर्रा ● भटेरा ● भरवेली ● हीरापुर ● कोसमी ● नवेगांव ● गोंगलई

सोमवार 06 अप्रैल 2026



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

मनोज सचदेव
मो. 94258-22975



## बालाघाट के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह आज 6 अप्रैल को बालाघाट दौरे पर...

### बालाघाट में अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री की प्रतिमा का करेंगे अनावरण..

### विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***मध्य प्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह आज 6 अप्रैल को जिले के दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जल संरक्षण, सांस्कृतिक एवं संगठनात्मक***

कार्यक्रमों में भाग लेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह प्रातः 10:30 बजे बंजर टोला से मलाजखंड के लिए प्रस्थान करेंगे तथा प्रातः 10:50 बजे मलाजखंड पहुंचकर जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत बेल तालाब के जीर्णोद्धार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके पश्चात वे प्रातः 11:30 बजे मलाजखंड से बालाघाट के लिए रवाना होंगे और दोपहर 1:00 बजे बालाघाट स्थित अटल उद्यान में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा के अनावरण कार्यक्रम में भाग लेंगे। दोपहर 2:00 बजे प्रभारी मंत्री श्री सिंह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल होंगे। इसके बाद अपराह्न 4:00 बजे वे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बालाघाट के मैदान में रोटरी क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी मंत्री श्री सिंह अपराह्न 4:30 बजे बालाघाट से गोंदिया के लिए प्रस्थान करेंगे तथा शाम 6:10 बजे गोंदिया से राजधानी एक्सप्रेस द्वारा भोपाल के लिए रवाना होंगे। प्रभारी मंत्री के दौरे को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

आवश्यकता है..

बच्चों की देख रेख के लिये युवती की आवश्यकता है। वेतन 18000/- एवं रहना खाना घर में ही। पढाई कम से कम 12 वी अनिवार्य। संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

आवश्यकता है..

*ऑफीस कार्य हेतु चपरासी के पद पर कार्य हेतु 12 वीं पास, युवती की आवश्यकता है।*

संपर्क - शाम 5.00 से 8.00। बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएटस, श्याम टाकीज एण्ड मॉल मेन रोड बालाघाट (म.प्र) मो. 9244872544/ 9201340520

## बालाघाट में महिला सशक्तिकरण को दिशा देने रक्षिका फाऊंडेशन ने शुरु की महिलाओं की बाईक राईडिंग..

### महिलाओ और युवतियो ने चलाई बुलट और अन्य भारी मोटर सायकिलें..

### रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन की अध्यक्ष जयश्री सोनवाने के नेतृत्व में किया गया एक और अभिनव प्रयास..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन गैर सरकारी संस्था द्वारा जिले में जनकल्याणकारी कार्य के साथ ही निरंतर महिला***

सुरक्षा, सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता, स्वावलंबन के लिए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य किये जा रहे है। संस्था द्वारा न केवल ऑटो रिक्शा प्रशिक्षण एवं स्कूटी, बाइक प्रशिक्षण दिया गया बल्कि महिला सशक्तिकरण के इसी दिशा में एक कदम बढ़ाते हुए अब रक्षिका फाउंडेशन द्वारा आज 5 अप्रैल रविवार को महिलाओं एवं बालिकाओं का आत्मविश्वास बढ़ाने आत्मनिर्भरता के उद्देश्य के साथ 'वुमन बाइक राइडिंग' की शुरुआत की गई। यह शुरुआत बालाघाट से लगे हुई पर्यटन स्थल गांगुलपारा एक पर्यटन स्थल तक की गई। महिला सशक्तिकरण की इस नवीकरणीय पहल के उत्साह, जोश, आत्मविश्वास को प्रेरित करने ग्राम टेकाडी सरपंच श्रीमती रश्मि तारा कावरे, सुभाष चौरे, राकेश सरवरी, तिलक नागपुरे, तारा कावरे, अजीत कुमार, देवेंद्र कावरे, विशाल गाड़ेश्वर, पंकज चौरे, सावन मांदरे, सादिक मोहमद द्वारा पूर्ण उत्साह के साथ स्वागत सम्मान किया गया। बाइक राइडिंग टीम द्वारा ग्राम टेकाड़ी में टूरिज्म बोर्ड द्वारा स्थापित होमस्टे की विजिट कर, पर्यटन स्थल का आनंद लिया गया।

बाइक राइडिंग में मुख्य रूप से रक्षिका शौर्य शक्ति फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष श्रीमती जयश्री प्रकाश सोनवाने सहित जिले के अलग-अलग ग्राम से प्राची मेश्राम, कीर्ति जांगड़े, रीना भालेकर, गंगा दमाहे, आरती मरावी, प्रिया नागपुरे, शीतल, अंबिका, कल्याणी शामिल रहे एवं सभी बाइकर्स द्वारा भविष्य में इसी आत्मविश्वास के साथ लंबी दूरी तय कर पर्यटन व दर्शनीय स्थल में जाने की योजना रखी गई है।

### प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्यातिथ्य में

## भाजपा के 47 वें स्थापना दिवस पर अटल उद्यान में अटल प्रतिमा का अनावरण आज..

### पंच निष्ठा के साथ होगा सक्रिय सदस्य सम्मेलन..



जगप्रेरणा बालाघाट।

***सुशासन के प्रणेता, अजातशत्रु, कवि, भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री पं अटल बिहारी वाजपेई की आदमकद प्रतिमा का अनावरण समारोह आज भाजपा स्थापना दिवस के पावन अवसर पर पं दीनदयाल उपाध्याय***

परिसर, जिला भाजपा कार्यालय के निकट, अटल उद्यान में प्रदेश के स्कूल शिक्षा, परिवहन मंत्री एवं जिला प्रभारी मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्यातिथ्य में संपन्न होगा। समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष रामकिशोर नानो कावरे, भाजपा जिला प्रभारी अभिलाष मिश्रा, पूर्व मंत्री प्रदीप गुडडा जायसवाल, पूर्व सांसद डॉ. ढालसिंह बिसेन, विधायक गौरव सिंह पारधी, राजकुमार कर्राहे, पूर्व जिलाध्यक्ष रमेश दिलीप भटेरे, डॉ. टीडी वैध, रमेश रंगलानी, सत्यनारायण अग्रवाल, पूर्व विधायक भगतसिंह नेताम, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा बिसेन, पूर्व महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष लता एलकर, जनपद अध्यक्ष फूलचंद साहरे, नपा उपाध्यक्ष योगेश बिसेन सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, गणमान्य जन, पार्टी पदाधिकारियों का प्रमुख आतिथ्य मिलेगा। अध्यक्षता नपाध्यक्ष भारती सुरजीत सिंह ठाकुर करेंगी।

### घर-घर, हर बूथ ध्वजारोहण : रामकिशोर कांवरे

पश्चात भाजपा कार्यालय में भाजपा का 47 वां स्थापना दिवस सुशासन, राष्ट्र सेवा, जनकल्याण और समर्पण भाव से मनाया जाएगा। आशय की जानकारी देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व मंत्री रामकिशोर नानो कावरे ने बताया कि, इसके पूर्व जिले 1785 बूथों में भाजपा का स्थापना दिवस प्रातः संगठन निष्ठा से पार्टी कार्यकर्ता मनाएंगे। बेला में घर-घर भाजपा का ध्वजारोहण, पुष्प सज्जा, दीपोत्सव किया जाएगा। श्रृंखला में भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्य सम्मेलन सम्पन्न होगा। इन अवसरों पर बड़ी संख्या भाजपा कार्यकर्ताओं से गरिमामय उपस्थिति का आग्रह है। तदाशय की जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी हेमेंद्र क्षीरसागर ने दी। इन आयोजन को सफल बनाने के लिए जिम्मेदार कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## बालाघाट में आत्मरक्षण एवं कराते विकास संघ द्वारा जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन कर किया गया राज्यस्तरीय के लिये चयन..






जगप्रेरणा बालाघाट।

***आत्मरक्षण एवं कराते विकास संघ बालाघाट के सचिव प्रवीण नन्हे द्वारा जानकारी में बताया गया है कि बालाघाट के एमएलबी स्कूल के सभागृह में आज 5 अप्रैल दिन रविवार को जिला स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के प्राचार्य अरुण कुमार तुमसरे उपस्थित रहे।***

इस प्रतियोगिता में बालाघाट जिले के लगभग डेढ़ सौ खिलाड़ियों ने भाग लिया जिसमें सब जूनियर कैडेट, जूनियर इंडिविजुअल काता, इंडिविजुअ कुमिते, टीम कता, टीम फाइट जैसे इवेंटो में अपने अपने वजन ओर उम्र के हिसाब से खिलाड़ियों ने भाग लिया और मेडल प्राप्त किए। इस प्रतियोगिता में जितने वाले खिलाड़ी आगामी राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता जो की इंदौर में 1 से 3 मई तक आयोजित होने जा रही है उसमें भाग लेंगे, तथा वहां से चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए चयनित किए जाएंगे। राष्ट्रीय स्तर के बाद आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। यह जिला स्तरीय प्रतियोगिता ऑफिशियल प्रतियोगिता है जिसके अंतर्गत सभी खिलाड़ी आगामी अंतरराष्ट्रीय वर्ल्ड चैंपियनशिप एशियन, चैंपियनशिप कॉमनवेल्थ, जैसी प्रतिष्ठित प्रतियोगिताओं के लिए चयन किए जाते हैं। आत्मरक्षण एवं कराटे विकास संघ बालाघाट मध्य प्रदेश मध्यप्रदेश कराते एसोसिएशन से एफिलिएटिड है और मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराते एसोसिएश, कराते इंडिया ऑर्गेनाइजेशन से मान्यता प्राप्त है, जो की एकमात्र ऑर्गनाइजेशन है, जिसे वर्ल्ड कराटे फेडरेशन इंटरनेशनल ओलंपिक कमेटी और एशियाई कराते फेडरेशन से मान्यता प्राप्त है। इस प्रतियोगिता में निर्णायकों की भूमिका में निधि नन्हेट विक्रम अवॉर्डी अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी, प्रतीक नन्हेट, कार्तिक तितरमारे, सारुण सोनवाने, साहिल सोनवाने, यथार्थ गर्दे, विहान बिसेन, भव्य अग्रवाल, वासु विश्वकर्मा, साहिल नारनौरे आदि उपस्थित रहे।

## बालाघाट महोत्सव के मंच पर नन्हें बच्चो ने फैंसी ड्रेस में कांतारा तो काली पुतली की दिखाई झलक..

### साईंस एग्जिबिशन में जल बचाने का दिया संदेश








जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट शहर में लगातार 19 वर्षो से रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा, बालाघाट महोत्सव के माध्यम से ना केवल व्यापारिक गतिविधियों को***

प्लेटफार्म उपलब्ध करवा रहा है बल्कि जिले के लोगो को मनोरंजन और प्रतिभाओं को मंच भी प्रदान कर रहा है। 3 अप्रैल से प्रारंभ हुए मेले को जिले के लोगों का अच्छा प्रतिसाद मिल भी रहा है, यही वजह है कि रोजाना ही हजारों लोग मेले में व्यापारिक खरीदी के साथ ही मनोरंजन, फुड और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन का लुत्फउठाने पहुंच रहे है। मेले में स्कूली प्रतिभाओ को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किए गए फैंसी ड्रेस और साईंस एग्जिबिशन का आयोजन किया गया। क्लब अध्यक्ष रोटे. सुकुमार जैन और सचिव रोटे. निलेश पटेल ने बताया कि फैंसी ड्रेस और साईस एग्जिबिशन में विभिन्न स्कूलो के 45 से 50 बच्चों ने प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। फैंसी ड्रेस में नन्हे बच्चो में किसी ने कांतारा तो किसी ने बालाघाट की पहचान काली पुतली का भेष धारण कर अपनी प्रतिभा दिखाई। वहीं साईस एग्जिबिशन में भी स्कूली छात्र, छात्राओं ने अपनी वैज्ञानिक सोच का परिचय देते हुए साईस की नई तकनीकों के साथ मॉडल प्रस्तुत किया। जो आम जिंदगी से लेकर देश के विकास में अहम रोल निभा सकते है। उन्होंने बताया कि बालाघाट महोत्सव, बालाघाट जिले के लोगों के लिए 10 दिनों का उत्सव है, जिसमें लोग यहां आकर, भरपूर आनंद उठा सकते है।

## बालाघाट जिले की रामपायली पुलिस ने 3 गांजा तस्करों को पकड़कर 5 लाख का गांजा किया जब्त..

### अब अंतर्राज्यीय सरगनाओ को पकड़ने के अभियान में जुटी पुलिस..

### पकड़े गए तीन आरोपियो में से दो आरोपी अंतर्राज्यीय गांजा तस्कर गिरोह के सदस्य..





जगप्रेरणा बालाघाट।

***बालाघाट जिले में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा के नेतृत्व में जिले के सभी थानों में नशाखोरी के खिलाफ भी अभियान चलाया जा रहा है, तथा इसी क्रम में जिले की रामपायली पुलिस ने बड़ी सफलता प्राप्त करते हुए तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर उनके पास से करीब 5 लाख रुपए कीमत का 21 किलो गांजा जब्त किया है।***

इस कार्रवाई के बाद बालाघाट में प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर एसडीओपी अभिषेक चौधरी ने मीडिया को बताया कि जिले की रामपायली पुलिस 5 अप्रैल को वाहन चेकिंग में संलग्न थी। इसी दौरान दिनी-लिंगमारा रोड पर एक मोटर साइकिल पर सवार 3 संदिग्धों को जब रोका गया, तो तलाशी में उनके पास से भारी मात्रा में गांजा मिला। पुलिस ने तुरंत गांजा और मोटरसाइकिल को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई नशे के कारोबार पर एक बड़ा प्रहार है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफएनडीपीएस एक्ट के तहत थाना रामपायली में धारा 8/20, 25,29 एनडीपीसी एक्ट के तहत केस दर्ज करने के बाद रविवार को तीनों ही आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से पुलिस ने पूछताछ के लिए आरोपियों का 13 अप्रैल तक पुलिस रिमांड ले लिया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने कुबूल किया है कि वे ओडिशा के एक गिरोह से जुड़े हैं, जो मध्य प्रदेश और गुजरात समेत कई राज्यों में नशीले पदार्थों की सप्लाई करता है।

### तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर अब नेटवर्क को जड़े से खत्म करने में जुटी पुलिस..

बालाघाट में प्रेस कॉन्फ्रेंस में पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों में से दो ओडिशा के रहने वाले हैं और एक स्थानीय बालाघाट निवासी है। पकड़े गए आरोपियों में 1. मिकेन्द्र उर्फ मुकेश देव (28 वर्ष), निवासी ओडिशा, 2. दिलीप सुना (32 वर्ष), निवासी ओडिशा एवं मुन्ना बर्वे उम्र 54 वर्ष निवासी भटेरा, बालाघाट है। पुलिस अब इन तस्करों से यह जानने की कोशिश कर रही है कि वे ओडिशा में किससे गांजा खरीदते थे और आगे किन-किन लोगों को बेचते थे। इस गिरोह के बाकी सदस्यों की भी तलाश की जा रही है ताकि नशे के इस पूरे नेटवर्क को जड़ से खत्म किया जा सके।



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजना मोनु बर्वे उकवा

मो. 74156-52935

# हट्टा वितरण केंद्र ने रचा इतिहास, पूर्व क्षेत्र जबलपुर कंपनी में प्रथम स्थान हासिल..

## राजस्व वसूली में उत्कृष्ट प्रदर्शन, 'एरियर निल' बनकर कायम किया नया कीर्तिमान..



**हितेश अजीत, जगप्रेरणा बालाघाट।**

हट्टा वितरण केंद्र ने अपनी उत्कृष्ट कार्यशैली, मजबूत टीमवर्क और समर्पित प्रयासों के बल पर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए पूर्व क्षेत्र जबलपुर कंपनी में राजस्व वसूली के मामले में प्रथम स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाया है। यह सफलता न केवल बालाघाट डिवीजन और सर्किल बल्कि पूरे जबलपुर रीजन के लिए एक प्रेरणादायक उदाहरण बनकर उभरी है।

जबलपुर रीजन मुखिया एस.के. गिरियां, अधीक्षण अभियंता वृत बालाघाट अमित कुमार तथा कार्यपालन अभियंता रवि कुम्हरे के कुशल मार्गदर्शन में हट्टा विद्युत मंडल के जेई बिरजू उईके ने अपने समस्त स्टाफ के साथ मिलकर यह उपलब्धि अर्जित की। उनके नेतृत्व में टीम ने कार्यक्षेत्र में अनुशासन, नवाचार और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता का परिचय देते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हट्टा वितरण केंद्र को 46.82 लाख रुपये के राजस्व संग्रहण का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध टीम ने 69.03 लाख रुपये की वसूली कर अपने टारगेट का 147.44त्न प्राप्त कर बहुत शानदार प्रदर्शन किया। यह उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य से कहीं अधिक है, जो केंद्र की कार्यक्षमता और सक्रियता को दर्शाती है। विशेष उल्लेखनीय तथ्य यह है कि पूर्व क्षेत्र जबलपुर कंपनी के अंतर्गत दर्जनों जिले और सैकड़ों वितरण केंद्र शामिल हैं। ऐसे व्यापक और प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्र में हट्टा वितरण केंद्र का प्रथम स्थान प्राप्त करना अपने आप में बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। वहीं, बालाघाट जिले के इतिहास में भी पहली बार किसी वितरण केंद्र ने यह मुकाम हासिल कर नया अध्याय जोड़ा है।

विभागीय जानकारी के अनुसार, वितरण केंद्र के अंतर्गत छरु हृछरून्न, ढ्ढक्क और क्कक्क श्रेणी के सभी कनेक्टेड उपभोक्ताओं से 100 प्रतिशत बिल वसूली सुनिश्चित की गई । इसके साथ ही वर्तमान बिलों के साथ लंबित बकाया राशि की भी पूर्ण वसूली कर एरियर को शून्य कर दिया गया, जिससे हट्टा वितरण केंद्र में कनेक्टेड उपभोक्ताओं की ÷एरियर निल छ्ष्ट÷ की श्रेणी में शामिल किया गया। विद्युत विभाग में 31 मार्च तक राजस्व वसूली का विशेष महत्व होता है, जिसे विशेषकर ग्रामीण एवं विस्तृत क्षेत्रों में प्राप्त करना चुनौतीपूर्ण होता है। उपभोक्ताओं की आर्थिक स्थिति, पलायन, भुगतान में अनियमितता और बिजली चोरी जैसी समस्याएं अक्सर लक्ष्य प्राप्ति में बाधा बनती हैं। इन सभी चुनौतियों के बावजूद हट्टा वितरण केंद्र ने जेई बिरजू उईके के नेतृत्व में अथक परिश्रम, सतत निगरानी और प्रभावी रणनीति के माध्यम से न केवल लक्ष्य हासिल किया बल्कि उसे पार कर एक मिसाल कायम की। इस ऐतिहासिक सफलता पर हट्टा वितरण केंद्र के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे का आभार व्यक्त करते हुए इसे सामूहिक प्रयासों का परिणाम बताया। क्षेत्रभर में इस उपलब्धि को लेकर हर्ष का माहौल है और सभी संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी जा रही हैं। यह उपलब्धि न केवल विभाग के लिए गौरव का विषय है, बल्कि अन्य वितरण केंद्रों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

# चांगोटोला ब्लॉक में कांग्रेस को बड़ा झटका: ब्लॉक अध्यक्ष सहित युवा कांग्रेस अध्यक्ष का इस्तीफा..





**अमन राउत, जगप्रेरणा चांगोटोला।**

***परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 110 के अंतर्गत आने वाले चांगोटोला ब्लॉक में कांग्रेस संगठन को उस समय बड़ा झटका लगा, जब ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं चांगोटोला सरपंच प्रमोद ठाकरे तथा***

युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मयंक धामड़े ने अपने-अपने पदों से इस्तीफा दे दिया। दोनों नेताओं के इस फैसले से क्षेत्रीय राजनीति में हलचल तेज हो गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रमोद ठाकरे ने अपने इस्तीफे में बताया कि वे पिछले लगभग 25 वर्षों से कांग्रेस पार्टी की सक्रिय सेवा कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने संगठन को मजबूत करने, जनसेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने और पार्टी के सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने अपने इस्तीफे को ÷व्यक्तिगत कारणों एवं नई जिम्मेदारियों÷ से प्रेरित बताया है।

उन्होंने अपने संदेश में कहा कि यह निर्णय उनके लिए आसान नहीं है, लेकिन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाना आवश्यक हो गया है। साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे भविष्य में भी कांग्रेस पार्टी के प्रति अपनी निष्ठा और समर्पण बनाए रखेंगे। अपने लंबे कार्यकाल के दौरान मिले सहयोग और सम्मान के लिए उन्होंने सभी वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं और साथियों का आभार व्यक्त किया।

वहीं, युवा कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष मयंक धामड़े ने भी अपने इस्तीफे की घोषणा करते हुए कहा कि उन्होंने वर्षों तक पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ पार्टी की सेवा की है। उन्होंने पार्टी के सिद्धांतों को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयास किया, लेकिन वर्तमान में कुछ व्यक्तिगत कारणों के चलते पद पर बने रहना संभव नहीं है।

मयंक धामड़े ने अपने वक्तव्य में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और सभी कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पद छोड़ रहे हैं, लेकिन पार्टी के प्रति उनकी निष्ठा और जुड़ाव हमेशा बना रहेगा।

दोनों नेताओं के एक साथ इस्तीफे से चांगोटोला ब्लॉक में कांग्रेस संगठन को तगड़ा झटका माना जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि आगामी समय में इसका असर क्षेत्रीय संगठनात्मक ढांचे और पार्टी की सक्रियता पर देखने को मिल सकता है।

फिलहाल पार्टी नेतृत्व की ओर से इन इस्तीफों पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है, लेकिन स्थानीय स्तर पर चर्चाओं का दौर तेज हो गया है कि संगठन में अब नई जिम्मेदारियां किसे सौंपी जाएंगी।

# उकवा बस्ती में हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया..



**संजना मोनू बर्वे, जगप्रेरणा उकवा।**

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी उकवा बस्ती के स्थानीय सिद्ध पीठ एवं अत्यंत प्राचीन हनुमान मंदिर में श्री हनुमान जन्मोत्सव बड़े ही हर्षोल्लास श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। मंदिर समिति के श्री तरूण रावल ने बताया श्री हनुमत जी महाराज का प्रातः से ही हिंदू वैदिक धर्मानुसार अभिषेक कर पूजन,, अर्चन एवं हवन किया गया। जन्मोत्सव के अवसर पर श्री हनुमान जी महाराज का विधि विधान से सिंदूर का चोला अर्पण कर विशेष श्रृंगार कर आरती, हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। सम्पूर्ण वातावरण भक्ति मय होकर हनुमान जी के जयकारों से गूंज उठा। आरती के पश्चात समिति के भक्तों राजेश अग्रवाल, शिव कोहरे, संजय अग्रवाल, संजय गुप्ता, राजेश उईके, संजय बोमपरे, ओमू चौकसे, संतोष बरपेटिया, निस्सु ढकेता, आदित्य अग्रवाल, तरूण रावल, श्रीमती हर्षा रावल, खुमेश बिसेन द्वारा लड्डू, चूरमा, फल एवं अन्य महाप्रसादी अर्पण कर विशेष भोग लगाया गया। रात्रि में साईं रामायण मंडल डॉ यशविन बोमपरे पार्टी द्वारा रामायण पाठ किया गया। कीर्ति डेकोरेशन के मालिक राजेश उईके द्वारा मंदिर को भव्य स्वरूप प्रदान कर सजावट की गई। सभी सदस्यों द्वारा निष्वार्थ भाव से सहयोग प्रदान किया गया। भक्तों के पूजन का सिलसिला देर रात्रि तक चलता रहा। समिति के बाल सदस्यों निसार पांडे, विनीत पांडे, लोकेश बरपेटिया, मयंक बोमपरे, सौरभ, जतिन चिल्के, चीनू अग्रवाल, सिद्धांत धुर्वे, प्रेरित बिसेन, माही बिसेन, लाची, किंजल, समर पाण्डेय, आयु वोमप्रे, पूरब कोड़ोपे, गबरू अग्रवाल, शिवा एवं सभी सदस्यों द्वारा मंदिर सजावट में अपना विशेष योगदान प्रदान किया ।

## कार्यालय ग्राम पंचायत समनापूर
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत समनापुर जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती सोमकली महेश मरकाम, सरपंच — श्रीमती ज्योती धुर्वे, उप सरपंच
श्री धनेन्द्र बघेल, सचिव — अर्जुन धुर्वे, रोजगार सहायक — सुश्री देवकी मरकाम, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत दमोह
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत दमोह जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती यशोदा धुर्वे, सरपंच — श्री अरविंद कुमार बंजारा, उप सरपंच
श्री अर्जून नेताम, सचिव — श्री भूपेन्द्र धुर्वे, रोजगार सहायक — श्रीमती निर्मला पवार, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत दड़कसा
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत दड़कसा जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री फूलसिंह मेरावी, सरपंच — श्री गौतम पंद्रे, उप सरपंच
श्री विनोद रहांगडाले, सचिव — श्री देवलाल पंद्रे, रोजगार सहायक — श्री सूमरत परते, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत जैराशी
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत जैराशी जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री मुंगेलसिंह धुर्वे, सरपंच — श्री सगनुसिंह धुर्वे, उप सरपंच
श्री रामप्रसाद, सचिव — श्री दिपक सोनवाने, रोजगार सहायक — श्री धीरनसिंह पंद्रे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत समरिया
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत समरिया जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती अनिता शीतल धुर्वे, सरपंच — श्रीमती महादेवी मेरावी, उप सरपंच
श्री उदेलाल लिल्हारे, सचिव — श्री मिलेन्द्र पीवहरे, रोजगार सहायक — सुश्री दुर्गेश्वरी मरकाम, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत मानेगाँव
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत मानेगाँव जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री अशोक कुमार वलके, सरपंच — श्री भागवत चौधरी, उप सरपंच
श्री घनश्याम बघेल, सचिव — श्री नोहार हीरवानी, रोजगार सहायक — श्रीमती सोमेश्वरी करावे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ी
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत गढ़ी जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

सुश्री रोशनी मेरावी, सरपंच — श्री प्रतापसिंह करायत, उप सरपंच
इतवारीसिंह धुर्वे, सचिव — श्री समालसिंह धुर्वे, रोजगार सहायक — सुश्री हेमलता धुर्वे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत निक्कुम
जनपद पंचायत बिरसा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत निक्कुम जनपद पंचायत बिरसा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती उर्मिला विनोद सय्याम, सरपंच — श्री बालाजी कुमार पंचेश्वर, उप सरपंच
श्री समरसिंह मेरावी, सचिव — श्री उरज कुशहारे, रोजगार सहायक — श्रीमती साधना कुशहारे, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत ठेमा
जनपद पंचायत परसवाड़ा, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत ठेमा जनपद पंचायत परसवाड़ा जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्री संपतसिंह उइके, सरपंच — श्रीमती निर्मला पटले, उप सरपंच
रूपराम सोनवाने, सचिव — श्री देवेन्द्र तुरकर, रोजगार सहायक — श्रीमती रंजीता तुरकर, मोबेलाईजर

## कार्यालय ग्राम पंचायत जैतपूरी
जनपद पंचायत बैहर, जिला बालाघाट (म.प्र.)

क्रमांक - दिनांक -

**निविदा**

कार्यालय ग्राम पंचायत जैतपूरी जनपद पंचायत बैहर जिला बालाघाट (म.प्र.) अंतर्गत वर्ष 2026 हेतु दिनांक 01/04/2026 से 31/03/2027 तक की अवधि के लिए मनरेगा, 15 वीं वित, 5 वॉ वित, विधायक निधि, सांसद निधि व अन्य योजनान्तर्गत निर्माण कार्य हेतु रेत, लोहा, सीमेंट, मुरूम, टैंकर, पाईप पुलिया, दरवाजा, खिडकी, सेन्ट्रिंग, मिक्सर मशीन, स्टेशनरी, फोटोकापी आदि सामग्री सप्लाई करने हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा खुलने का दिनांक 31/04/2026 को समय 11.00 बजे है। सामग्री सप्लायर जिनका जीएसटी पंजीयन हो एवं कम दर वाले सप्लायर को प्राथमिकता दी जायेगी । जो भी सामग्री सप्लायर प्रदाय करना चाहते हैं वे दिनांक 06/04/2026 से 12/04/2026 तक निविदा बंद लिफाफा में कार्यालय में जमा कर सकते है। नियमों के लिए ग्राम पंचायत से सम्पर्क कर सकते हैं।

श्रीमती रामली सलीक पंद्रे, सरपंच — श्री मायाराम मेरावी, उप सरपंच
श्री राजकुमार पंद्रे, सचिव/ रोजगार सहायक — सुश्री प्रतीमा मेरावी, मोबेलाईजर





गणपति ज्वेलर्स
महावीर चौक, मेन रोड, बालाघाट मो. 9893129013



जग प्रेरणा

# वारासिवनी कटंगी

● कायदी ● डोंगरमाली ● रामपायली ● खैरलांजी ● तिरोड़ी ● बोनकट्टा ● महकेपार






दैनिक जग प्रेरणा
में समाचार
एवं विज्ञापन प्रकाशन
हेतु संपर्क करें..
गौरव अग्रवाल कटंगी
मो. 7974944900


# कंटगी को मिली बड़ी सौगातः 50 बिस्तरों के नए अस्पताल का हुआ भूमिपूजन, 10 करोड़ की लागत से बनेगा भवन..








**जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।** शहर के शासकीय अस्पताल परिसर में 04 अप्रैल की शाम 50 बिस्तरों वाले नए अस्पताल निर्माण का भूमिपूजन संपन्न हुआ। करीब 10.42 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह अस्पताल आने वाले समय में क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा।

कार्यक्रम में सांसद भारती पारधी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक गौरव पारधी ने की। इस दौरान जनप्रतिनिधि, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

## 'स्वास्थ्य सेवाएं सरकार की प्राथमिकता' - सांसद भारती पारधी

सांसद भारती पारधी ने कहा कि केंद्र और प्रदेश सरकार स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है और आमजन तक बेहतर सुविधाएं पहुंचाना प्राथमिकता है। उन्होंने महिलाओं और ग्रामीण क्षेत्रों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का भी उल्लेख किया। सांसद ने कंटगी विधायक गौरव पारधी के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि क्षेत्र में स्वास्थ्य और विकास कार्यों को आगे बढ़ाने में उनकी सक्रिय भूमिका सराहनीय है। उन्होंने विश्वास जताया कि इसी तरह के प्रयासों से कंटगी में विकास की रफ्तार और तेज होगी।

## '100 बिस्तरों की दिशा में पहला कदम' - गौरव पारधी

विधायक गौरव पारधी ने अपने संबोधन में कहा कि उन्होंने क्षेत्र के लिए 100 बिस्तरों के अस्पताल की मांग रखी थी। फिलहाल 50 बिस्तरों की स्वीकृति मिली है, लेकिन बाकी 50 बिस्तर भी जल्द स्वीकृत होंगे।

उन्होंने यह भी कहा कि अब कंटगी शहर के विकास कार्यों को गति दी जा रही है। बड़े तालाब के सौंदर्यीकरण और सब्जी मंडी के विस्थापन जैसी योजनाएं भी पाइपलाइन में हैं, जिससे शहर की तस्वीर बदलेगी।

## शहर के साथ गांवों में भी विकास कार्य जारी

इसी क्रम में ग्राम पंचायत चिकमारा में सीसी रोड निर्माण कार्य का भूमिपूजन भी विधायक गौरव सिंह पारधी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। लंबे समय से सड़क की समस्या से जूझ रहे ग्रामीणों के लिए यह कार्य राहत भरा साबित होगा। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण कार्य शुरू होने पर खुशी जताई और उम्मीद व्यक्त की कि इससे आवागमन सुगम होगा तथा गांव के विकास को नई गति मिलेगी।

कार्यक्रम में केशर बिसेन, मेष देशमुख, महेंद्र बाहेश्वर, परसराम नागेश्वर, अजय मेश्राम, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कविता अरविंद देशमुख, जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेश ठाकुर, जनपद सदस्य सुरमन सुखराम राउत, सरपंच श्रीमती अनीता मदनलाल गेडाम, उपसरपंच परसराम नागेश सहित अन्य जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## अस्पताल निर्माण से स्वास्थ्य सुविधाओं में होगा बड़ा सुधार

नए अस्पताल के निर्माण से कंटगी सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी। अब तक गंभीर इलाज के लिए लोगों को बाहर जाना पड़ता था, जिससे समय और खर्च दोनों बढ़ते थे। 50 बिस्तरीय अस्पताल शुरू होने के बाद कई जरूरी उपचार स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध हो सकेंगे, जिससे मरीजों को समय पर इलाज मिलेगा और क्षेत्र की स्वास्थ्य व्यवस्था मजबूत होगी।

# पीएम श्री विद्यालय वरूड में प्रवेश उत्सव आयोजित, विधायक गौरव पारधी रहे मुख्य अतिथि..









**जगप्रेरणा कंटगी (बालाघाट)।** मध्यप्रदेश शासन के शिक्षा विभाग द्वारा नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत चलाए जा रहे 'स्कूल चले अभियान' के अंतर्गत ग्राम पंचायत वरूड स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 4 अप्रैल को प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ना तथा नामांकन को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर अतिथियों का स्वागत किया।

## शिक्षा के साथ संस्कार और खेलकूद भी जरूरी - गौरव पारधी

अपने संबोधन में विधायक गौरव पारधी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ संस्कार और खेलकूद भी उतने ही आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि केवल पढ़ाई ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि अच्छे संस्कार ही जीवन को सही दिशा देते हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संचालित 'स्कूल चले अभियान' की सराहना करते हुए कहा कि यह अभियान प्रदेश में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। विधायक ने विद्यालय परिसर की सराहना करते हुए छात्रों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन भी दिया।

## तिलक लगाकर किया स्वागत, साइकिल एवं पुस्तकों का वितरण

कार्यक्रम के दौरान विधायक गौरव पारधी ने नवप्रवेशित छात्रों को तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इसके पश्चात विद्यार्थियों को साइकिल एवं पाठ्यपुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती भूमेश्वरी मेश्राम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्राम पंचायत वरूड के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में कंटगी-खैरलांजी क्षेत्र के विधायक गौरव पारधी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मेष देशमुख, सरपंच श्रीमती गीता बिसेन, भाजपा मंडल अध्यक्ष सौरभ ठाकरे, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सी.एस. कुशराम, बीआरसी रवींद्र हरिनखेडे सहित जनप्रतिनिधि, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# स्थापना दिवस पर वारासिवनी के हर बूथ पर लगेंगे पार्टी के झंडे.. सन्दीप मिश्रा..

## पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल की गरिमामयी उपस्थिति में आज होगा मुख्य आयोजन

**जगप्रेरणा वारासिवनी।**

***भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस (6 अप्रैल) को लेकर वारासिवनी नगर में उत्साह का माहौल है। जनसंघ के 'दीपक' से लेकर भाजपा के 'कमल' तक के गौरवशाली सफर को याद करते हुए इस वर्ष स्थापना दिवस को 'ऐतिहासिक स्वरूप' देने की व्यापक रूपरेखा तैयार की गई है।***

नगर मण्डल अध्यक्ष सन्दीप मिश्रा ने बताया की संगठन की शक्ति को बूथ स्तर तक प्रदर्शित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। प्रत्येक बूथ पर न्यूनतम 10 पार्टी ध्वज अनिवार्य रूप से लगाए जाएंगे। सभी बूथ अध्यक्ष भाजपा कार्यालय से झंडे प्राप्त कर अपने-अपने क्षेत्रों में ध्वजारोहण सुनिश्चित करेंगे।

स्थापना दिवस का मुख्य समारोह 6 अप्रैल को शाम 4:30 बजे भाजपा कार्यालय वारासिवनी में आयोजित होगा। इस गरिमामयी कार्यक्रम में विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल , प्रभारी जितेंद्र सिंह मोहारे, मंडल प्रभारी अभय कोचर, जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले एवं जिला मंत्री श्रीमती रेखा गोखले विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी। इस अवसर पर वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में पार्टी की रीति-नीति और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के संकल्प पर चर्चा की जाएगी।

# पूर्व मंत्री व सांसद ने किया कोसमी में 50 लाख से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन..










**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***जनपद पंचायत बालाघाट की ग्राम पंचायत कोसमी में 50 लाख रूपये से अधिक की लागत से होने वाले विविध निर्माण कार्यो का भूमिपूजन समारोहपूर्वक किया गया। वार्ड नम्बर 4 कोसमी में आयोजित इस भूमिपूजन समारोह में पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल***

और सांसद बालाघाट श्रीमती भारती पारधी,जिला पंचायत सदस्य श्रीमती रूखमणि माहुले, सरपंच श्रीमती अंबिका गगन नगपुरे, भाजपा के वरिष्ठ नेता आनंद कोछड़, योगेश नगपुरे सहित ग्राम पंचायत के उपसरपंच,पंचगण व स्थानीय जन बड़ी संख्या में मौजूद रहे। अतिथियों के पहुंचने पर फुलमाला व आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया। पूर्व सरपंच गगन नगपुरे ने इस दौरान वार्ड नम्बर 4 से होकर जा रही सड़क के निर्माण की मांग रखी। जो कि आगे गोंगलई मंडी तक पहुंच सकेगी।

इसके अलावा यहां पर वार्ड के कुछ स्थान पर विद्युत कनेक्शन को लेकर समस्या रखते हुये बताया कि ग्राम पंचायत द्वारा विद्युत पोल की व्यवस्था कर ली गई हैं। विभागीय स्तर पर इसके लिये सहमति प्रदाय किया जाये। कुछ हिस्सों में पानी निकासी की समस्या है और कुछ मकानों व खाली प्लाटों में पानी भर रहा हैं। रेलवे लाईन के पास में पानी की क्रासिंग की व्यवस्था बनायी जाये तो इसका निदान हो सकता हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुये पूर्व मंत्री जालम सिंह पटैल ने कहा कि पंचायतों में विकास एक सतत प्रक्रिया का हिस्सा हैं।

जिसमें विविध योजनाओं के तहत कार्य किये जा सकते हैं। अभी भारत सरकार ने जीरामजी योजना को लागू करते हुये नये स्वरूप में लाया हैं। जिसमें ग्रामीण विकास के कार्यो को अधिक मजबूती के साथ कराया जा सकेगा। जिसमें पंचायतों को राशि भी आयेगी। पूर्व मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भारत सरकार व प्रदेश सरकार की कई ऐसी योजनायें हैं जो हितग्राहियों को सीधे लाभ पहुंचा रही हैं। एक समय सड़कें नहीं थी पर आज गांव-गांव सड़कों का जाल बिछा हुआ हैं। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार के समय प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना से गांवों में पक्की सड़कों का जाल बिछा हैं। यहां पर उसी समय नैरोगेज से ब्राडगेज के कार्य को गति मिली हैं।

वही सांसद भारती पारधी ने कहा कि ग्राम पंचायत कोसमी में विकास कार्यो का भूमिपूजन होने से निश्चित ही यहां पर वार्ड के रहवासियों को सुविधा हो सकेगी। उन्होने कहा कि जिले की जनता ने उन्हें जो जिम्मेवारी सौंपी हैं उसका वह निर्वहन कर रही और सबसे बड़े सदन में आप सभी की आवाज को पहुंचा रही हैं। निश्चित ही हम विकास कार्यो को गति प्रदान कर रहे हैं।

जिसमें ग्रामीण विकास के कार्य भी शामिल हैं। सांसद ने कहा कि ग्राम पंचायत की ओर से कुछ समस्याओं व मांग की ओर ध्यान आकर्षित कराया गया है निश्चित ही उन समस्याओं की ओर गौर किया जायेगा और जनमानस को राहत प्रदान करने का प्रयास होगा। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीयजन मौजूद रहे।

# के पी ब्रम्हे का 76 वर्ष में निधन..



**जगप्रेरणा बालाघाट।**

***के पी ब्रम्हे 76 वर्ष सेवानिवृत पोस्ट कर्मचारी का निधन आज 12.30 बजे बालाघाट जिला चिकित्सालय बूढ़ी में उपचार के दौरान हो चुकी है***

इन्होंने अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए। पत्रकारिता जगत में भी पत्रकारिता किए हैं, श्री ब्रम्हे जी सरल स्वभाव के मिलनसार व्यक्ति थे। परिवार में सुनील ब्रम्हे एवं दिनेश ब्रम्हे जो दैनिक भास्कर, नवभारत में पत्रकार रहे हैं। इनके निधन से बैहर में शोकाकुल का वातावरण बना हुआ है। इनकी अंतिम यात्रा सुबह 10 बजे मुक्तिधाम के लिए प्रस्थान के लिए प्रस्थान किया जाएगा। ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि उनके परिवार को दुख सहने की शक्ति प्रदान करे।

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो। 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।


दैनिक जगप्रेरणा मे समाचार एवं विज्ञापनो के लिये संपर्क करे.. मो. 9329033433

॥ श्री जीणमाता की जय ॥ ॥ जय गुलाब बाबा नमः ॥
प्रो. मनीष वर्मा, मो. 9425448126
मान्यता ऑटो पार्ट्स
सभी प्रकार की टू-व्हीलर गाड़ियों के स्पेयर पार्ट्स मिलते है एंव गाड़ियाँ सुधारी जाती है।


वार्ड नं. 17, महाराणा प्रताप चौक, शाह कॉम्पलेक्स, बालाघाट (म.प्र.)



दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजय टेंभरे लांजी
मो. 7697505999

जग प्रेरणा

# लांजी किरनापुर

• हिर्री • भानेगांव • मोहझरी • बोलेगांव • बहेला • रिसेवाड़ा • कारंजा • साडरा

विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क - 9329033433

## सड़क पर खड़े ट्रैक्टर से मोटर साइकिल टकराई, 2 युवकों की मौत, गांव में मातम







### नहीं थम रहा दुर्घटनाओं का ग्राफ..

जगप्रेरणा लांजी।

***क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे सडक़ हादसों के बीच शनिवार देर रात कालीमाटी पहाड़ी के पास एक दर्दनाक दुर्घटना ने फिर एक परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया। सडक़ किनारे खड़ा ट्रैक्टर इस बार जानलेवा साबित हुआ,***

जहां दो युवको की मौत हो गई। उल्लेखनीय है कि लांजी क्षेत्र बीते कुछ समय से हादसों का केंद्र बनता जा रहा है, जहां आए दिन लोग अपनी जान गंवा रहे हैं। जिले में बढ़ते सडक़ हादसों के बीच एक और हृदय विदारक सडक़ हादसा सामने आया है जहां लांजी थाना अंतर्गत ग्राम वारी निवासी लोकेश मसराम (20) अपने दोस्त बिरज टेकाम के साथ शनिवार देर रात करीब 1:30 बजे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 जेड ए 4596 से लांजी से अपने गांव वारी जा रहे थे।

इस दौरान जैसे ही वे ग्राम कालीमाटी पहाड़ी के पास पंहुचे तो सडक़ किनारे खड़े ट्रैक्टर वाहन से जा टकराये, टक्कर इतनी जोरदार थी की दोनो ही गंभीर रूप से घायल हो गये जहां स्थानीय लोगो के द्वारा एंबुलेंस की सहायता दोनो ही घायलों को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां लोकेश पिता लक्ष्मण मसराम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम वारी को डाक्टर्स के द्वारा जांच कर मृत घोषित किया गया वहीं बिरज टेकाम पिता सुनील टेकाम उम्र 20 वर्ष निवासी ग्राम वारी को गंभीर चोटे आने के चलते उच्चस्तरीय उपचार के लिये गोंदिया ले जाया गया लेकिन यहां भी उसे बचाया नही जा सका 5 अप्रैल को एक निजी अस्पताल में अपनी अंतिम सांसे ली।

घटना की संपूर्ण जानकारी लांजी पुलिस को तहरीर के माध्यम से ही दी गई। जहां लोकेश मसराम एवं बिरज टेकाम दोनो के शव को सिविल अस्पताल लांजी लाकर पीएम करवाया गया। लांजी पुलिस के द्वारा क्रमशः मर्ग क्रमांक 06/26 एवं 07/26 धारा 194 बीएनएस के तहत मर्ग पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## सीआईए हायर सेकेंडरी स्कूल में 5 वी, 8 वी बोर्ड परिक्षा परिणाम सराहनीय..

























जगप्रेरणा लांजी।

***राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा 25 मार्च को शैक्षणिक सत्र 2025 26 कक्षा पांचवी एवं कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें नगर के विद्यालय सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी का परीक्षा परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा।***

विद्यालय में कक्षा आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा जिसमें प्रथम त्रिवेणी धरते 90.83 प्रतिशत, द्वितीय भूमि हनोते 90.55 प्रतिशत, तृतीय उन्नति कौशिक 89.16 प्रतिशत, चतुर्थ दीपिका महोबिया एवं ओम धारने 88.66 प्रतिशत, पंचम कृतिका नगपुरे 88.5 प्रतिशत, षष्ठम डाली नारनौरे एवं आरची हिरवानी 88.33 प्रतिशत, सप्तम कनिष्का रोकड़े एवं तन्मय दुरुगकर 88.16 प्रतिशत, अष्टम हर्षित लाड़े 87.83 प्रतिशत, नवम प्राची जगने एवं ताईबा अंसारी 87.5 प्रतिशत, दशम हितेषी गजबे 86.33 प्रतिशत रहे।

इसी प्रकार कक्षा पांचवी का परीक्षा परिणाम भी सतप्रतिशत रहा। इनमें प्रथम रशिका हनोते 91.5 प्रतिशत, द्वितीय राशि भार्गव 89.75 प्रतिशत, तृतीय काव्यांजलि घरते 89.4 प्रतिशत, चतुर्थ मोनाली महोबिया 89 प्रतिशत, पंचम आकांक्षी मात्रे 88.5 प्रतिशत, षष्ठम अक्षत चंद्रिकापुरे 86.75 प्रतिशत, सप्तम अवनी चौहान 85.5 प्रतिशत ,अष्टम विराट बागडे एवं तन्वी बडमें 85.25 प्रतिशत, नवम मान्यता कौशिक, अंगद वाकले एवं यामी उके 84.5 प्रतिशत, अनोखी किरनापुरे 83.75 प्रतिशत रहे। विद्यालय प्राचार्य हेमंत बनकर ने सभी छात्रों एवं अभिभावकों को सराहनीय परीक्षा परिणाम के लिए हार्दिक बधाई एवं सफल छात्रों को उनकी मेहनत व लगन के साथ भविष्य में निरंतर आगे बढ़ने की शीख दी।

समिति सचिव श्रीमती मीरा बनकर ने सफल परीक्षा परिणाम हेतु सभी शिक्षकों श्रीमती आर. अग्रवाल, श्रीमती एस. लटारे, श्रीमती पी. येरपुडे, श्रीमती एल. इंझरावते, सुश्री एम. खोबरागड़े, सुश्री आर. कालबेले, सुश्री एन. रामटेक्कर, सुश्री आर. वासनिक ,सुश्री ए. बम्बारे एवं सुश्री पी. मोरघड़े का आभार व्यक्त किया। समिति अध्यक्ष श्रीमती विभा अनिल तिवारी ने सभी छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं प्रेषित करने के साथ ही परीक्षा परिणाम को विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं के अथक परिश्रम का परिणाम बताया।

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433

### रेत माफिया कर रहे अवैध उत्खनन व परिवहन..

## खनिज विभाग की टीम पौनी घाट पर जप्त किया रेत से भरे 3 ट्रैक्टर ट्रॉली..





जगप्रेरणा लांजी।

***लांजी के रेत घाटों में रात में रेत का खेल संचालित है। रेत माफिआओं के हौसले इतने बुलंद हो चुके है उन्हे ना तो पुलिस प्रशासन का भय है***

और ना ही अन्य प्रशासनिक अमला जिससे बेखौफ होकर रेत माफिआ रात में धडल्ले से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन करते नजर आ रहे है। रोजाना देखने में आ रहा है कि रात्रि 10 बजे से सुबह तक यह रेत का खेल प्रारंभ रहता है। वर्तमान में सभी रेत घाट शासन द्वारा प्रतिबंधित कर दिये गये है लेकिन फिर भी रेत माफिया पौनी, सर्रा, कोचेवाही सोननदी से अवैध रेत का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। रात में हो रहे इस रेत के अवैध कारोबार के चलते जनता भी परेशानी में रहती है रात भर इन ट्रैक्टरो की आवाजे परेशानी का कारण बनती जा रही है। कई बार स्थानीय लोगो के द्वारा इस संबंध में शिकायत भी की गई लेकिन ना तो पुलिस विभाग कार्यवाही कर पा रहा है और ना ही प्रशासनिक अमला जिसके चलते अब रेत माफिआ और भी अधिक तेजी से रेत का खनन एवं परिवहन करते देखे जा सकते है। रेत खनन को लेकर यह भी ज्ञात हुआ है

माफियाओ के द्वारा छोटी जेसीबी वाहनों से भी नदी को छलनी कर रेत खनन किया जा रहा है जिसको लेकर कुछ विडीयो भी वायरल हुये है जिनमे साफतौर पर देखा जाता है कि कैसे नदी मे मशीनों की सहायता से रेत का अवैध खनन एवं परिवहन का कारोबार संचालित है। इसके अलावा लांजी के सभी प्रमुख मार्गो पर स्थापित सीसीटीव्ही कैमरो को भी खंगाला जाये तो साफतौर पर नजर आयेगा कि रात्रि में कितने ट्रैक्टर ट्रॉली रेत का अवैध कारोबार कर रहे है। यदि प्रशासन चाहे तो निश्चित रूप् से एक भी ट्रैक्टर ट्रॉली अवैध रूप से रेत का खनन एवं परिवहन नही कर सकती है लेकिन क्या कारण है प्रशासन इस ओर ध्यान नही दे रहा है यह समझ से परे है। जबकि पुलिस विभाग की रात्रि में गश्त भी होती है इस दौरान भी इनके द्वारा कार्यवाही की जा सकती है क्योंकि अनेको बार तो ट्रैक्टर ट्रॉली सुभाष चौक से होकर दुसरे मार्गो कि ओर जाती है। नगर मुख्यालय सहित ग्रामो में रेत घाटो के भी यही हाल बताये जा रहे है। हो सकता है कि क्षेत्र के ग्राम उमरी, परसोड़ी, बापड़ी, सर्रा, कोकना कडक़ना सहित अन्य स्थानो से भी रात्रि में रेत का अवैध खनन एवं परिवहन हो रहा हो।

प्रशासन को चाहिये की अपने मुखबिर तंत्रो को तेज कर इन रेत माफियाओं को पर कार्यवाही की जाये। क्योंकि यह भी देखने में आता है कि रेत माफियाओं के द्वारा अपने लोगो को जगह जगह तैनात किया जाता है ताकि वे इस बात की खबर करे की कही पुलिस या अन्य विभाग के लोग रेत घाट की तरफतो नही आ रहे है जैसे ही कोई वाहन रेत घाट की ओर आते दिखता है वैसे ही वे अपने लोगो को सूचित कर देते है तथा समय रहते वे ट्रैक्टर वाहनों को रेत घाट से निकालकर अन्यत्र स्थानों पर छुपा देते है और जब प्रशासनिक अमला वापस चला जाता है इनका खेल फिर से प्रारंभ हो जाता है। इसलिये अब प्रशासन को कोई दुसरी तरकीब इन रेत माफियाओं के लिये अपनानी होगी तथा इन पर कार्यवाही करनी होगी।

खनिज विभाग की टीम ने जप्त किये 3 ट्रैक्टर रेत के अवैध कारोबार पर जहां स्थानीय प्रशासन कोई कार्यवाही नही कर रहा है वहीं बालाघाट से खनिज विभाग की टीम के द्वारा लांजी पंहुचकर कार्यवाही की जा रही है। खनिज विभाग बालाघाट द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार 5 अप्रैल 2026 को तडक़े सुबह करीब 4 बजे खनिज विभाग की टीम ने लांजी तहसील के अंतर्गत ग्राम पौनी स्थित सोननदी में आकस्मिक जांच अभियान चलाया और रेत का अवैध खनन व परिवहन करते पाए जाने पर 03 ट्रैक्टर जब्त किए गए हैं। उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि खनिज निरीक्षक बसंत कुमार पाटिल, सुरेश कुलस्ते एवं शुभम बोपचे के साथ होमगार्ड जवान दिलहास कुरैशी और प्रेम उनके की टीम ने 05 अप्रैल को तडक़े लगभग 04 बजे ग्राम पौनी स्थित सोन नदी मौके पर पहुंच कर छापामार कार्यवाही को अंजाम दिया है। इस कार्यवाही के दौरान नदी में अवैध रूप से रेत का उत्खनन कर रहे तीन ट्रैक्टरों को पकडक़र जब्त किया गया है। जब्त किए गए वाहनों में ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 एए1604, चालक शिवा पिता संतोष बागड़े, निवासी ग्राम लांजी, ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 जेडई 8388, चालक सुरेश पिता सदाराम नेवारे, निवासी ग्राम पौनी और ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 50 जेड डी 7282, चालक नीलेश पिता बाबूलाल कड़वेती, निवासी ग्राम कोसमदेही शामिल हैं। तीनों ट्रैक्टरों को अवैध रेत उत्खनन करते हुए मौके से जब्त कर थाना परिसर लांजी में सुरक्षित अभिरक्षा में खड़ा कराया गया है। उप संचालक सुश्री फरहत जहां ने बताया गया कि उक्त प्रकरण में मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।






लेख, लघु कथा, कविताएं एवं साहित्य सोमग्रीयां आमंत्रित है..

Email - jagprernaw@gmail.com
Whatsapp - 93290-33433

जग प्रेरणा

# साहित्य / अभिव्यक्ति

● संपादकीय ● लेख ● कविता ● व्यंग्य ● राजनीतिक टिप्पणी ● धार्मिक लेख ● सामाजिक लेख



दैनिक जग प्रेरणा में साहित्य लेख रचनाएं प्रकाशन के लिये संपर्क करें..

एकता आशीष वर्मा
मो. 94070 33433

## भाजपा विचार और जनसेवा की जीवंत परंपरा..

देश को एक समर्थ राष्ट्र बनाने की मीमांसा के साथ भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल, 1980 को नई दिल्ली के कोटला मैदान में आयोजित एक कार्यकर्ता अधिवेशन में की हुई। जिसके प्रथम अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी निर्वाचित हुए। प्रथम राष्ट्रीय अधिवेशन 28, 29 और 30 दिसंबर 1980 में मुंबई में आयोजित किया गया था। अपनी स्थापना के साथ ही भाजपा ने राष्ट्रीय एवं लोकहित के विषयों पर मुखर रहते हुए भारतीय लोकतंत्र में अपनी सशक्त भागीदारी दर्ज की तथा भारतीय राजनीति को नए आयाम दिए। देश में विकास आधारित राजनीति की नींव भी भाजपा ने विभिन्न राज्यों में सत्ता में आने के बाद तथा पूरे देश में भाजपा नीत राजग शासन के दौरान रखी।

### नेहरू का अधिनायकवाद

गांधीजी की हत्या के बाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर प्रतिबंध लगाकर देश में एक नया राजनीतिक षड्यंत्र रचा जाने लगा। सरदार पटेल के देहावसान के पश्चात् कांग्रेस में नेहरू का अधिनायकवाद प्रबल होने लगा। गांधी और पटेल दोनों के ही नहीं रहने के कारण कांग्रेस नेहरूवाद की चपेट में आ गई तथा अल्पसंख्यक तुष्टिकरण, लाइसेंस- परमिट- कोटा राज, राष्ट्रीय सुरक्षा पर लापरवाही, राष्ट्रीय मसलों जैसे कश्मीर आदि पर घुटनाटेक नीति, अंतर्राष्ट्रीय मामलों में भारतीय हितों की अनदेखी आदि अनेक विषय देश में राष्ट्रवादी नागरिकों को उद्विग्न करने लगे। नेहरूवाद तथा पाकिस्तान एवं बांग्लादेश में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार पर भारत के चुप रहने से क्षुब्ध होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने नेहरु मंत्रिमंडल से त्यागपत्र दे दिया।

### जनसंघ की स्थापना

इधर, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कुछ स्वयंसेवकों ने भी प्रतिबंध के दंश को झेलते हुए महसूस किया कि संघ के राजनीतिक क्षेत्र से सिद्धांततः दूरी बनाये रखने के कारण वे अलग-थलग तो पड़े ही। साथ ही संघ को राजनीतिक तौर पर निशाना बनाया जा रहा था। ऐसी परिस्थिति में एक राष्ट्रवादी राजनीतिक दल की आवश्यकता देश में महसूस की जाने लगी। फ्लतः भारतीय जनसंघ की स्थापना 21 अक्टूबर, 1951 को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में दिल्ली के राघोमल आर्य कन्या उच्च विद्यालय में हुई। नेहरू के अधिनायकवादी रवैये के फ्लस्वरूप डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को कश्मीर की जेल में डाल दिया गया, जहां उनकी रहस्यपूर्ण स्थिति में मृत्यु हो गई। एक नई पार्टी को सशक्त बनाने का कार्य पं दीनदयाल उपाध्याय के कंधों पर आ गया। भारत-चीन युद्ध में भी भारतीय जनसंघ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1967 में पहली बार भारतीय जनसंघ का पं दीनदयाल उपाध्याय के नेतृत्व में भारतीय राजनीति पर लम्बे समय से बरकरार कांग्रेस का एकाधिकार टूटा। जिससे कई राज्यों के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की पराजय हुई।



### कार्यकर्ताओं की मीसाबंदी

सत्तर के दशक में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी के नेतृत्व में निरंकुश होती जा रही कांग्रेस सरकार के विरूद्ध देश में जन-असंतोष उभरने लगा। जनान्दोलनों से घबराकर इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने जनता की आवाज को दमनचक्र से कुचलने का प्रयास किया। परिणामतः 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोप दिया गया। देश के सभी बड़े नेता या तो नजरबंद कर दिये गए अथवा जेलों में डाल दिए गये। समाचार पत्रों पर सेंसर लगा दिया गया।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ सहित अनेक राष्ट्रवादी संगठनों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। हजारों कार्यकर्ताओं को मीसा के तहत गिरफ्तार कर जेल में डाल दिया गया। देश में लोकतंत्र पर खतरा मंडराने लगा। ये जनसंघर्ष को देखते हुए इंदिरा गांधी ने 18 जनवरी, 1977 को लोकसभा भंग कर दी। दौरान जयप्रकाश नारायण के आह्वान पर एक नये राष्ट्रीय दल जनता पार्टी का गठन किया गया। आम चुनावों में कांग्रेस की करारी हार हुई। जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ सत्ता में आई। पूर्व घोषणा के अनुसार 1 मई, 1977 को भारतीय जनसंघ ने करीब 5000 प्रतिनिधियों के एक अधिवेशन में अपना विलय जनता पार्टी में कर दिया।

### प्रतिपादित पंचनिष्ठा

भाजपा ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित 'एकात्म-मानवदर्शन' को अपने वैचारिक दर्शन के रूप में अपनाया है। पार्टी ने अपनी पंचनिष्ठा व्यक्त की- राष्ट्रवाद एवं राष्ट्रीय अखंडता, लोकतंत्र, सर्व धर्म समभाव, गांधीवादी समाजवाद तथा मूल्य आधारित राजनीति। स्तुत्य, आज भाजपा देश में एक प्रमुख राष्ट्रवादी शक्ति के रूप में उभर चुकी है। देश के सुशासन, विकास, एकता एवं अखंडता के लिए कृतसंकल्प है। आज नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में पहली बार भाजपा की पूर्ण बहुमत के साथ सरकार बनी।

अतुल्य निरंतर तीसरी बार आज सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की उद्घोषणा के साथ गौरव सम्पन्न भारत का पुनर्निर्माण कर रही है। अतिरेक देश के अधिकांश राज्यों में भाजपा या एनडीए सहयोगी दलों की सरकारें चतुर्दिक विकास में अग्रसर है। अभिभूत, 47 वर्ष के दल में 45 बरस के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के नेतृत्व में ध्येनिष्ठ कार्यकर्ताओं की शक्ति भाजपा लगभग 14 करोड़ सदस्यों वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनैतिक पार्टी बन गई।

### अन्य दलों से विशिष्ट

भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि विचार, सिद्धांत और जनसेवा की एक जीवंत परंपरा है। यह एक ऐसा संगठन है जो सत्ता को साधन नहीं, बल्कि राष्ट्रसेवा का माध्यम मानता है। यहां हर कार्यकर्ता राजनीति में सत्ता की चाह से नहीं, बल्कि जनसेवा के संकल्प के साथ उतरता है। यह वह संगठन है जहां परिवार नहीं, कार्यकर्ता पहचान होता है। जहां सिफारिश नहीं, बल्कि समर्पण आगे बढ़ने का मार्ग बनाता है। यही विशेषता भाजपा को अन्य राजनीतिक दलों से अलग और विशिष्ट बनाती है।

लेखक



हेमेन्द्र क्षीरसागर, पत्रकार व लेखक,

## 'लघुकथा : गद्य की सशक्त विधा'..

भाषा,अनुभूति एवं विचारों का अन्तर्गुम्फन ही साहित्य है।मानवीय अनुभूतियाँ जब कथात्मक आधार ग्रहण करती हैं;तो सहृदय के मन में शीघ्रता से प्रभाव डालती हैं।ये अनुभूतियाँ कहानी,उपन्यास,लघुकथा एवं नाटकों के माध्यम से कथात्मक रूप अख्तियार करती हैं।आज के व्यस्ततम परिवेश में पाठकों के पास लम्बी कहानी,उपनयास इत्यादि पढ़ने का समय कम है।अतः पाठक ऐसी रचनाएँ पढ़ना चाहता है,जो कम समय में जीवनानुभवों तथा सामाजिक,राजनीतिक,मनोवैज्ञानिक समस्याओं को प्रकट कर उनका समाधान करना चाहती हैं।

लघुकथा, जीवन के यथार्थ को कम शब्दों एवं छोटी कथावस्तु में व्यक्त करने की सामर्थ्य है।जीवन एवं समाज के किसी एक क्षणिक पहलु के आधार पर, सकारात्मक कथात्मक वैचारिक मन्थन ही लघुकथा है।आज जीवनानुभवों के साथ-साथ, मनोविश्लेषणात्मक विचारों पर भी लघुकथाओं का लेखन हो रहा है।लघुकथा गद्य की सशक्त विधा है।ये कम समय में पाठकों पर सशक्त प्रभाव डालती है।लघुकथा पर गोष्ठियों की कमी परिलक्षित होती है। लघुकथा में कहानी के सभी तत्वों का संक्षेप में समावेश होता है।लघुकथा ,कहानी से अधिक शीघ्रता से पाठकों के सम्मुख अपना प्रभाव डालती हैं।लघुकथा में कहानी की तुलना में कथोपकथनों की संख्या कम होती है;फिर भी प्रभावशीलता उससे कहीं अधिक होती है।

लघुकथा में जीवन के किसी समय विशेष के कथ्य का चित्रांकन होता है।लघुकथा में कहानी का 'पात्र एवं चारित्रिक पक्ष'भी विद्यमान रहता है ।पात्र ,प्रायः प्रतिनिधिपरक एवं प्रतीकात्मक होते हैं। लघुकथाएँ ,काल-बोध को पूर्णतः अभिव्यक्त करती हैं।काल-सापेक्षता एवं लघुकथाओं की कथावस्तु का साथ हमेशा बना रहता है। लघुकथाएँ जहाँ सामाजिक-राजनीतिक विद्रूपताओं को उजागर करती हैं ;वहीं आदर्श को अभिप्रेरणा भी प्रदान करती हैं। लघुकथा, यथार्थ के प्रस्तुतिकरण की सफल विधा है। लघुकथाओं का भवितव्य उज्ज्वल है। लघुकथा लेखन की ओर बढ़ता साहित्यकारों का रुझान इसका प्रमाण है। आज की लघुकथाओं में लघुकलेवर के बावजूद ;पूरा विमर्श विद्यमान है। ये जिस बिन्द विशेष को लेकर लिखी जाती हैं;उसे समग्रता से अभिव्यक्त करती हैं।आज लघुकथा लेखन, विशिष्ट उद्देश्यों को लेकर किया जा रहा है। मानवीय दृष्टिकोण,सामाजिक-चेतना, समाज एवं सियासत की विसंगतियों एवं नारी-विमर्श को लेकर लघुकथाएँ लिखी जा रही हैं। कई लघुकथाकार केवल कुछेक पंक्तियों की लघुकथा लिख रहे हैं। लघुकथा, कम से कम, एक पृष्ठ की तो होनी ही चाहिए। कुछेक-पंक्तियों में कथात्मक तत्व नगण्य हो जाता है। ये लघुकथाएँ नहीं कही जा सकतीं। एक पृष्ठ से अधिक की लघुकथा, कहानी का रूप धारण कर लेती है। अतः लघुकथा लेखन में दोनों बातों का ध्यान रखना होगा।

लघुकथाओं के शिल्प में भा विविध प्रयोग हो रहे हैं। सरल -भाषा में जीवन के यथार्थ को प्रस्तुत करना, लघुकथाओं का सकारात्मक पहलु है। हिन्दी वाङ्गमय में लघुकथाएँ ,सामाजिक यथार्थ को, शिद्दत के साथ प्रस्तुत करती रहेंगी।

लेखिका



श्रीमती सुनीता मेश्राम 'गंगेश्वरी' नैनपुर.

## दशा महा दशा..

ऋतु परिवर्तन आई।
अप्रैल में अगस्त लाई।
क्वार नवरात्रा पूर्व।
वर्षा बन्द बताई।
चैत्र नवरात्रा में।
वर्षा आई।
बची तिथियों में।
गर्मी-ठंड आयेगी।
तबीयत से बीमार करायेगी।
अब सोच लीजिए।
प्रकृतियों को और छेड़ लीजिए।
पूर्व के मानवों ने।
प्रकृति बचाई।
अब के मानवों ने।
हवा उड़ाई।
जब ऐसा
होता रहेगा।
मानव, मानव को।
इसी तरह
से मारेगा।
हम किसी
से कम नहीं।
शूटिंग करवायेगा?

लेखक




आचार्य डॉ.वीरेन्द्र सिंह गहरवार 'वीर'

## व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

*बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 9329033433 को किसी भी ग्रुप से जोड़ा जा सकता है।*


## शब्दवर्गपहेली क्र.- 88



ck;s ls nk;s ]& 2) वह ऋतु जो क्वार और कार्तिक महीने में होती है 5) कदाचित 7) एक प्रकार का पद्य या गीत जिसमें विरही या विरहिणी के मुख से बारहों महीनों की प्राकृतिक विशेषताओं का वर्णन कराया जाता है 10) राजी, एकमत 14) लोग, जनता 15) पवनसुत 16) रफूचक्कर, लापता 17) सहायता करना 19) समुदाय 20) साड़ी का आंचल 22) दस और दो, दर्जन 24) लक्ष्मी 25) भोज का निमंत्रण 27) वे पौधे जिनके बीजों से तेल निकाला जाता है 29) इस देश की राज्य घटना दुनिया में सबसे बड़ी है 30) वर्षा, बारिश 31) दोस्त, मित्र, यार 32) जग में सबसे ज्यादा लोकसंख्यावाला देश 33) हाथी 34) कामायनी महाकाव्य के नायक 35) लड़ाई करना 36) टीन का बड़ा आघान 38) भीगा हुआ 40) फायदा 41) असफल 43) रसदार, स्वादिष्ट 45) हुक्के, बीड़ी आदि का कश 46) पत्र, चिट्ठी 48) विजय, सफलता,जीत 50) घमंडी 51) अप्रैल महीने में दिनों की संख्या 52) शपथ 54) रत्न 57) अगर 58) दया 60) कीमत आंकना 63) ललाट पर लगाया गया चन्दनादि का टीका 65) बेल, वल्ली 67) वराह 68) महाराष्ट्र की एक जाति 69) शक्तिशाली, दमवाला 71) दंगा, विद्रोह 73) जिसे मृत्यू या बुढ़ापा न हो 75) नीचे लेटकर किया हुआ प्रणाम 77) पुरुष 78) चमक, प्रकाश 80) उसके बाद, फिर 82) लाभ 83) यज्ञ में आहुती डालना 85) विस्फोटक गोला 86) पूंछ 88) पृथ्वी 90) किसी वस्तु का नीचे का भाग 92) जो भेदा न जा सके 93) कीचड़ 94) सामान रखने का बोरा 96) रखने की क्रिया, देखभाल 98) इराक की राजधानी 100) गृह का स्वामी, 102) विचार, अभिप्राय 104) चान्दी 106) पर्यंत 107) अवस्था, दशा 108) शहर के प्रवेशद्वार पर शासनद्वारा वसूला जानेवाला कर 109) आज के बाद आनेवाला दिन 110) जनानापन 112) चेहरा, सूरत 114) कागज पर लिखा हुआ मिटाने का एक साधन 116) नमकयुक्त व्यंजन, नमकीन 117) धारण करनेवाला 118) इच्छा होते हुए या इच्छा करने पर 119) जोखिमभरा 120) बहुत बड़ा 121) दाना-दाना

Åij ls uhps ]& 1) हाथी के समान चलना 3) दयालू, ईश्वर (उर्दू) 4) असुर, राक्षस 5) भव्य, वैभवशाली 6) मुरदे को कब्र में गाड़ना 7) लगातार, पुनः पुनः 8) घायल और मारे हुए 9) हिन्दू धर्म शास्त्र में वर्णित चार वेदों में एक 10) आघात, चोट, हानि 11) अधिकार 12) पुरुषत्व 13) तानने की क्रिया, खींचाव 18) अर्जी,, आवेदन 19) सरल, सामान्य 21) तात्पर्य, आशय 23) पृथ्वी के नीचे का लोक 26) विवेचना, धारणा 28) करीब करीब 29) दुर्योधन की पत्नी का नाम, जादूगरनी 30) काशी, वाराणसी का एक और नाम 31) प्रेमी,, पति 34) मकई, एक अनाज 36) शरीर की ऊंचाई 37) रखवाली करनेवाला 39) शरम, लज्जा 41) निकम्मा, जो किसी काम के लायक न हो 42) एक बहुचर्चित फिलीस्तीनी नेता 44) किसी कार्य को साध्य करने के चार उपाय 47) परत 49) एक शब्दालंकार 52) न्यून, अल्प 53) धातू से बनाया गया पैसा 55) कामदेव की पत्नी 56) हमारे दूसरे प्रधानमंत्री 59) जनानखाना 61) महाराष्ट्र का वह स्थान जहां डॉ. बाबासाहब आंबेडकरजीने चवदार तले का सत्याग्रह किया था 62) ध्वनि, आवाज 64) बोलने का ढंग 66) झांझ, तालाब 67) चोट लगने के कारण शरीर के अंगो के फुलने की क्रिया 70) मन ही मन में किया गया चिन्तन 72) एक वायु रोग 74) सूर्य 76) खोजबीन, बारीकी से की गई खोज 78) बढ़िया, सुन्दर 79) लालिमा 81) बरसात 84) वादा, वाक्य, कथन 85) व्यवसाय में होनेवाला फायदा 87) यज्ञ (संस्कृत) 89) 'स्वातंत्र्यवीर' उपाधि से विख्यात स्वतंत्रता सेनानी का कुल नाम 91) एक श्रीराम पुत्र 92) चुकता करना 94) छोटी लड़की, बच्ची 95) बच्चे का नाम रखने का संस्कार 97) बड़ी रस्सी 99) बीता हुआ, पिछला 100) गंदगी 101) घटना, वृतांत, रहस्य 103) तक 105) पानी 107) फुलों की माला 111) शरीर की चमड़ी 112) सन्देह 115) बगुला 116) चारपाई 117) रौब, दबदबा (जबाब अगले अंक में)

### पिछले अंक के शब्दवर्गपहेली का जवाब



anumeya-08446302691

## मुहावरे खोजिए

चार मुहावरे इस वर्ग में छुपे हैं, दिये गये संकेतानुसार आपको उन्हें खोजना है.

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ना | चा | ए | क | अ | ना |
| ल | द | र | सौ | बी | मा |
| च | र | क | ले | जा | र |
| र | के | छ | ल | नी | ना |
| क | बा | ह | हो | ना | ला |
| न | त | र | पै | र | फै |

&%ladr :–
1. आवश्यकता से अधिक मांग. 2. गर्व से चलना 3. मर्मवेधी बातों से चित्त दुखाना, कष्ट देना. 4. आय से अधिक व्यय करना.

## सू-डोकू- 88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | 2 | | 4 | | | | 3 |
| | | | 3 | | | | 4 | |
| 3 | | 8 | 6 | | | | 7 | |
| | | 7 | 2 | | | 1 | | 5 |
| | | | | | 5 | | | |
| 5 | | | | 1 | | | 6 | |
| 7 | | | 5 | | 6 | | 1 | |
| | | | | | 2 | | | 6 |
| | 5 | | 4 | | | 3 | | 9 |

● आपको हर आड़ी और खड़ी पंक्ति में 1 से 9 यह अंक इस तरह लिखना है की, एक पंक्तिमें एक अंक एकही बार आना चाहिये. ● हर आड़ी और खड़ी पंक्ति और हर 3 X 3 के वर्ग में 1 से 9 यह अंक आनाही चाहिये. ● पहले से छपे अंको को हिलाना नहीं..

### lMkd 87 dk tokc

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 1 | 9 | 4 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 3 | 2 | 6 | 4 | 5 |
| 2 | 4 | 5 | 8 | 6 | 7 | 1 | 3 | 9 |
| 4 | 1 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 6 | 7 |
| 8 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 5 | 1 | 2 |
| 7 | 5 | 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 3 |
| 1 | 9 | 4 | 2 | 7 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 3 | 8 | 6 | 4 | 5 | 9 | 7 | 2 | 1 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 1 | 6 | 8 | 9 | 4 |





# बलांगीर से बैंकॉक तकः 'क्वाड्रपल एम्प्यूटी' पायल का निराशा से दो स्वर्ण पदक जीतने तक का सफर..

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

***पैरा तीरंदाज पायल नाग ने 2015 में बिजली का झटका लगने से दोनों हाथ और दोनों पैर गंवा दिए जिसके बाद उन्हें ओडिशा के बलांगीर में रिश्तेदारों और पड़ोसियों के बड़े बेरहम शब्द सुनने को मिले कि 'न यह खा पाएगी, न चल पाएगी, इससे तो बेहतर है कि इसे जहर दे दो'।***

बैंकॉक में शनिवार शाम यही लड़की वैश्विक मंच पर शान से खड़ी थी जब उसने विश्व तीरंदाजी पैरा सीरीज में दो स्वर्ण पदक जीते। यह एक ऐसा सफर था जिसने दर्द को मकसद में और खामोशी को एक बयान में बदल दिया।

पायल ने कंपाउंड महिला फाइनल में भारत की सबसे ज्यादा पदक जीतने वाली और दुनिया की नंबर एक पैरा तीरंदाज शीतल देवी को 139-136 से हराकर उलटफेर किया। साथ ही उसने शीतल के साथ मिलकर टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण जीता। इसके साथ ही भारत 16 पदक (सात स्वर्ण, पांच रजत, चार कांस्य) के साथ पदक तालिका में सबसे ऊपर रहा। पायल की जिंदगी का अहम मोड़ 2015 की एक सुबह आया। वह उस समय तीसरी कक्षा में पढ़ती थी और अपने छोटे भाई के साथ रायपुर में एक निर्माणाधीन इमारत की पांचवीं मंजिल पर बनी नयी छत पर खेल रही थी।

उसके पिता ओडिशा से आकर राजमिस्त्री का काम करते थे। छत पर पानी भरा हुआ था और एक खुला बिजली का तार उस पानी के संपर्क में आ गया। बिजली के झटके से वह बुरी तरह घायल हो गई। डॉक्टरों के पास उसकी जान बचाने के लिए उसके चारों अंग काटने के अलावा कोई और चारा नहीं बचा था। पायल ने दर्द और खुशी के मिले जुले भाव से पीटीआई से कहा, 'मैं आज उस हादसे के बारे में बात नहीं करना चाहती। आज नहीं, प्लीज। मैं इस बारे में किसी और दिन बात कर सकती हूं।'



इस दुखद घटना ने पहले से ही मुश्किलों से जूझ रहे छह सदस्यों के उस परिवार को निराशा में धकेल दिया। उसकी देखभाल करने का कोई साधन नहीं होने के कारण उसके माता-पिता (विजय कुमार नाग और जनता) आखिरकार उसे बलांगीर के पास स्थित एक अनाथालय पार्वती गिरि बाल निकेतन में छोड़ आए। वे बलांगीर से लगभग 70 किमी दूर जमुनाबहाल गांव में रहते थे। उन्हीं दिनों उन्हें सबसे ज्यादा चुभने वाले शब्द सुनने को मिले थे। उनके कोच कुलदीप वेदवान ने याद करते हुए बताया, 'न यह खा पाएगी, न चल पाएगी, इससे तो भला इसे जहर ही दे दो। माता-पिता बेबस थे और उन्होंने उसे जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अनाथालय में छोड़ दिया।'

पायल की जिंदगी का सबसे बड़ा मोड़ 2023 में आया जब कोच कुलदीप ने उसे सोशल मीडिया पर देखा। उन्होंने कहा, 'मैंने ट्विटर पर उसकी फोटो देखी। उसके न तो हाथ थे और न ही पैर। मैंने ठान लिया था कि मैं उसे अपनी अकादमी (श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड) में लेकर आऊंगा।' उन्होंने कहा, 'मैंने शीतल देवी को चैंपियन बनाया था और मुझे हमेशा से विश्वास था कि पायल भी चैंपियन बन सकती है। लेकिन उसे अनाथालय से बाहर निकालना और तीरंदाजी के बारे में समझाना, काफी मेहनत का काम था।' उन्होंने कहा, 'मुझे अनुमति लेने के लिए जिला कलेक्टर को चिट्ठी लिखनी पड़ी।'

जब पायल पहली बार कटरा स्थित अकादमी पहुंची और उसने शीतल देवी समेत दूसरे लोगों को अभ्यास करते देखा तो वह फूट-फूटकर रो पड़ी। पायल ने कहा, 'मैं यह सब कैसे कर पाऊंगी? मेरे तो हाथ-पैर ही नहीं हैं।' कुलदीप ने उसे दिलासा देते हुए कहा, 'सब कुछ मुझ पर छोड़ दो, तुम बस जी-तोड़ मेहनत करो।' पायल ने इस सलाह का पूरी लगन और अनुशासन के साथ पालन किया, और हर दिन लगभग आठ घंटे अभ्यास किया।

कुलदीप ने कहा, 'शीतल के लिए मेरे द्वारा बनाया गया 'रिलीजर' ही काफी था। लेकिन पायल के सामने चुनौती थी कि बिना पैरों के वह धनुष कैसे उठाएगी?' फिर उन्होंने पायल के लिए विशेष उपकरण तैयार किए जिनमें एक ऐसा स्टील का उपकरण भी शामिल था जिसे उसके कृत्रिम पैर में फिट किया गया था ताकि वह धनुष उठा सके। इस उपकरण को पूरी तरह से सटीक बनाने में उन्हें कई महीने लग गए। विश्व तीरंदाजी द्वारा खास उपकरणों को मंजूरी दिए जाने के बाद पायल ने दुबई 2025 एशियाई युवा पैरा खेलों में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। इसके साथ ही वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुकाबला करने वाली दुनिया की पहली 'क्वाड्रपल एम्प्यूटी' (दोनों हाथ और दोनों पैर गंवाना) तीरंदाज बन गई।

# 21 साल पहले पिता को किया आउट, अब बेटे को भी बनाया शिकार, 43 साल के एंडरसन ने 5 विकेट लेकर बरपाया कहर..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***क्रिकेट में रिकॉर्ड बनते और टूटते रहते हैं, लेकिन कुछ कारनामे ऐसे होते हैं जो इतिहास में खास जगह बना लेते हैं। इंग्लैंड के दिग्गज तेज गेंदबाज जेम्स एंडरसन ने ऐसा ही एक अनोखा कारनामा कर दिखाया है।***





उन्होंने 21 साल के अंतराल में एक ही परिवार की दो पीढ़ियों को आउट करने का कमाल कर दिया है।

## पिता के बाद अब बेटे का किया शिकार..

दरअसल, एंडरसन ने 2005 में नॉर्थम्पटनशायर के बल्लेबाज डेविड सेल्स को आउट किया था। अब 21 साल बाद उन्होंने उसी टीम के लिए खेल रहे उनके बेटे जेम्स सेल्स को भी पवेलियन भेज दिया। उन्होंने लंकाशर और नॉर्थैम्प्टनशर के बीच खेले जा रहे काउंटी क्रिकेट मैच में जेम्स सेल्स को आउट करने का कमाल किया। जेम्स एंडरसन का यह कारनामा सिर्फ एक रिकॉर्ड नहीं, बल्कि उनकी फिटनेस, अनुभव और लंबे करियर की मिसाल है। 21 साल के अंतराल में पिता और बेटे दोनों को आउट करना क्रिकेट के इतिहास में एक यादगार पल बन गया है। इस मैच में कप्तान एंडरसन ने न केवल पिता को आउट करने के 21 साल बाद बेटे को अपना शिकार बनाया बल्कि 5 विकेट लेकर सभी को चौंका दिया। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत नॉर्थैम्प्टनशर की टीम ने 200 रन से पहले ही अपने 9 विकेट खो दिए। दिन का खेल खत्म होने तक टीम का स्कोर 9 विकेट पर 215 रन था। इससे पहले लंकाशर ने अपनी पहली पारी में 384 रनों का स्कोर खड़ा किया।

## 43 की उम्र में भी जलवा बरकरार..

करीब 44 साल के होने जा रहे एंडरसन अभी भी क्रिकेट में सक्रिय हैं और शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। एंडरसन ने 2024 में इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया था। उनके नाम टेस्ट क्रिकेट में 700 से ज्यादा विकेट हैं, जो किसी भी तेज गेंदबाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। इसके बावजूद वह घरेलू क्रिकेट में लगातार खेल रहे हैं और अपनी टीम के लिए अहम योगदान दे रहे हैं। पिछले सीजन में एंडरसन ने लंकाशायर की अस्थायी कप्तानी की थी, जहां टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया। इसी के बाद उन्हें स्थायी कप्तान बनाया गया। उनका लक्ष्य इस सीजन टीम को फर्स्ट डिवीजन में प्रमोशन दिलाना है।

# एशियाई कुश्ती चैंपियनशिपः नए चेहरों और आत्मविश्वास के साथ भारत की मजबूत प्रदर्शन की उम्मीद...

**जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)**

नई प्रतिभाओं के बेहतर प्रदर्शन और अनुभवी खिलाड़ियों की निरंतरता से उत्साहित भारतीय टीम सोमवार से शुरू हो रही एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप में आत्मविश्वास के साथ उतरेगी और उम्मीद करेगी कि उसके युवा पहलवान महाद्वीपीय चुनौती पर खरे उतरें। सभी की निगाहें 53 किग्रा वर्ग की पहलवान मीनाक्षी गोयत पर होंगी जिन्होंने राष्ट्रीय चयन ट्रायल में दो बार की विश्व चैम्पियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। वहीं पुरुष फ्रीस्टाइल में अमन सहरावत (61 किग्रा) और सुजीत कलकल (65 किग्रा) पदक के मजबूत दावेदार माने जा रहे हैं।

ट्रायल में अन्य भार वर्गों में भी खिलाड़ियों ने प्रभाव छोड़ा। नीलम ने 50 किग्रा में अपने दबदबे से प्रभावित किया, जहां उनके शानदार 'सुप्लेक्स' दांव ने ध्यान खींचा था। वह इस तरह के प्रदर्शन को जारी रखना चाहेंगी। मानसी अहलावत (62 किग्रा) और मनीषा भानवाला (57 किग्रा) ने अपने नियंत्रित प्रदर्शन से टीम में जगह बनाई। मनीषा का वजन वर्ग बदलना भारत की पदक संभावनाओं को और मजबूत करता है।

टीम में हंशिका, नेहा सांगवान, मोनिका, मानसी लाठर, हर्षिता और काजल जैसे पहलवान भी शामिल हैं, जो अनुभव और युवा जोश का संतुलित मिश्रण पेश करते हैं। जापान, चीन और कजाखस्तान जैसे मजबूत देशों के खिलाफ घरेलू प्रदर्शन को अंतरराष्ट्रीय सफलता में बदलना एक बड़ी चुनौती होगी। ओलंपिक पदक विजेता और 2023 के चैंपियन अमन सहरावत खिताबी जीत दोहराने के इरादे से उतरेंगे, हालांकि इस बार वह अपने सामान्य 57 किग्रा की बजाय 61 किग्रा वर्ग में प्रतिस्पर्धा करेंगे। सुजीत कलकल ने खुद को विश्व स्तरीय पहलवान के रूप में स्थापित किया है और उनसे पदक की उम्मीद की जा रही है। प्रतियोगिता की शुरुआत सोमवार से ग्रीको-रोमन शैली के मुकाबलों के साथ होगी।





## भारतीय दलः

**पुरुष फ्रीस्टाइलः**

अंकुश (57 किग्रा), अमन सहरावत (61 किग्रा), सुजीत कलकल (65 किग्रा), अभिमन्यु (70 किग्रा), जयदीप (74 किग्रा), संदीप मान (79 किग्रा), मुकुल दहिया (86 किग्रा), पुनित कुमार (92 किग्रा), विक्की (97 किग्रा), दिनेश शंकर (125 किग्रा)।

## ग्रीको-रोमनः

ललित (55 किग्रा), साहिल (60 किग्रा), सनी (63 किग्रा), सचिन सहरावत (67 किग्रा), अनिल (72 किग्रा), अमन (77 किग्रा), प्रिंस (82 किग्रा), सुनील कुमार (87 किग्रा), नितेश (97 किग्रा), जोगिंदर राठी (130 किग्रा)।

**महिला वर्गः**

नीलम सिरोही (50 किग्रा), मीनाक्षी (53 किग्रा), हंशिका लांबा (55 किग्रा), मनीषा भानवाला (57 किग्रा), नेहा सांगवान (59 किग्रा), मानसी अहलावत (62 किग्रा), मोनिका (65 किग्रा), मानसी लाठर (68 किग्रा), हर्षिता (72 किग्रा), काजल ढोचक (76 किग्रा)।

# रोहित शेट्टी की क्रिप्टिक पोस्ट से मची हलचल, फायरिंग केस के बाद जिंदगी पर कसा तंज, लिखा- 'लाइफ में ही एक्शन-कॉमेडी'..

**डेस्क जगप्रेरणा।**

***मशहूर डायरेक्टर और प्रोड्यूसर रोहित शेट्टी के लिए जनवरी 2026 के आखिर में कुछ दिन तनाव भरे रहे, जब उनके जुहू वाले घर के बाहर गोलीबारी की एक घटना हुई।***



हाल ही में अपनी कॉमेडी हिट्स और 'कॉप यूनिवर्स' के लिए मशहूर इस डायरेक्टर ने एक क्रिप्टिक पोस्ट शेयर किया, जो सोशल मीडिया पर चर्चा में बना हुआ। इस पर यूजर्स के कई तरह के रिएक्शन सामने आ रहे हैं, वहीं कुछ लोग कमेंट बॉक्स में उनके लिए अपनी चिंता व्यक्त कर रहे हैं।

## रोहित शेट्टी का क्रिप्टिक पोस्ट वायरल..

इस तनावपूर्ण माहौल के बीच रोहित शेट्टी ने अपने सोशल मीडिया पर खुद की एक तस्वीर पोस्ट करते हुए, कैप्शन में लिखा कि 'इतने साल एक्शन और कॉमेडी फिल्में बनाने में बिताए, अब साला जिंदगी में ही एक्शन और कॉमेडी चल रही है।'

इससे पहले खबर थी कि कुछ लोगों ने रोहित शेट्टी के घर के बाहर गोलीबारी की थी, जिसके बाद पुलिस ने उन्हें और उनके परिवार को कड़ी सुरक्षा दी। इस फायरिंग मामले में मुंबई पुलिस ने अब तक कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है और इस हमले की जिम्मेदारी लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने ली है।

## गोलमाल 5 की शूटिंग हुई शुरू..

काम की बात करें तो वह अपनी कॉमेडी-ड्रामा फ्रैंचाइजी 'गोलमाल' के साथ वापस आ गए हैं। चार ल्मिों के बाद गोलमाल 5 की शूटिंग शुरू हो चुकी है। रोहित शेट्टी ने अपने जन्मदिन पर एक मजेदार बिहाइंड-द-सीन्स वीडियो के साथ इसकी घोषणा की थी,

जिसमें पुरानी टीम और एक सरप्राइज गेस्ट नजर आया। फिल्म अभी प्रोडक्शन में है और इसके 2027 की शुरुआत में रिलीज़ होने की उम्मीद है।

## गोलमाल 5 की धांसू कास्ट..

फिल्म की पुरानी कास्ट, जिसमें अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, तुषार कपूर और कुणाल खेमू शामिल हैं। दिलचस्प बात यह है कि शरमन जोशी, जो पहली फिल्म का हिस्सा थे। वह भी वापस नजर आने वाले हैं।

कमाल की बात यह है कि अक्षय कुमार भी इस कास्ट में शामिल हो रहे हैं। वह अपने किरदार के लिए गंजे हुए हैं। एक वायरल BTS क्लिप में उन्हें सेट पर अजय देवगन को मजाकिया अंदाज में किस करते हुए देखा गया। इससे पहले रोहित शेट्टी ने इस बात की पुष्टि की थी कि 'खतरों के खिलाड़ी 15' साल 2026 में फिर से देखने को मिलने वाला है।

# जब जिंदगी से हार मान बैठी थीं सेलिना जेटली, रोते हुए अकेले काटी रातें, तलाक के बीच छलका दर्द..


**डेस्क जगप्रेरणा।**

***सलमान खान और अक्षय कुमार के साथ काम कर चुकी सेलिना जेटली ने 'फेमिना मिस इंडिया 2001' का खिताब जीता और 'मिस यूनिवर्स 2001' में चौथी रनर-अप रहीं। वह इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर काफी चर्चा में हैं। इसी बीच,***

एक्ट्रेस सेलिना ने अब अपने सोशल मीडिया पर एक इमोशनल पोस्ट शेयर कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। उन्होंने नए इंस्टाग्राम पोस्ट में अपने पर्सनल स्ट्रगल के बारे में एक बार फिर से खुलकर बात की है। इसमें उन्होंने हीलिंग और खुद को रिकवर करने के बारे में भी बताया है।

## कानूनी मामले में उलझी एक्ट्रेस की जिंदगी..

सेलिना फिलहाल कानूनी लड़ाई में लगी हुई है। उन्होंने अपने पति पीटर हाग के खिलाफ डोमेस्टिक वायलेंस एक्ट के तहत शिकायत दर्ज की है। बॉलीवुड एक्ट्रेस ने पति पर घरेलू हिंसा, परेशान करने और मैनिपुलेशन का आरोप लगाया है। साथ ही तलाक के लिए कोर्ट में अर्जी दायर की है। इसके अलावा वह अपने भाई मेजर विक्रांत जेटली को लेकर भी बहुत परेशान हैं, जो 6 सितंबर 2024 से UAE में हिरासत में हैं और बताया जा रहा है कि उन्होंने सेलिना से बात करने और कानूनी मदद लेने से मना कर दिया है।



## सेलिना जेटली का छलका दर्द..

कई परेशानियों से जूझ रही सेलिना जेटली ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपनी कुछ ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं।

इन तस्वीरों के साथ उन्होंने अपनी पर्सनल से जुड़ा इमोशनल मैसेज लिखा, जो यूजर्स के बीच चर्चा में बना हुआ है। उन्होंने अपनी खुशी के पीछे छिपे दुख का जिक्र करते हुए लिखा, 'अगर आप मुझे खुशी से जीते हुए, अपना पसंदीदा खाना खाते हुए, खूबसूरत ड्रेस में मुस्कुराते हुए देखते होज तो बस मुझे वैसा ही रहने दो। आपने वो रातें नहीं देखीं जब मैं अकेले रोई थी। वो दिन नहीं देखे जब मैं पूरी तरह खाली महसूस कर रही थी। आप नहीं जानते कि मैंने खुद से कितनी बार हार मानी है।'

## एक्ट्रेस हीलिंग पर दे रही ध्यान..

सेलिना जेटली ने पोस्ट में आगे लिखा, 'दुनिया के पीछे मत भागो, अपने पास वापस आओ और हीलिंग पर ध्यान दो, ग्रोथ चुनो, खुद को और मजबूत,

शांत, ज्यादा एक्टिव बनाना.. एक दिन में एक कदम आगे बढ़ते हुए। रोना कमजोरी नहीं हैज यह रिलीज है और एक दिन आंसू सूख जाएंगे।'

# नागिन 7 की स्टारकास्ट से मिले अक्षय कुमार, भूत बंगला की भी खूब हुई बातें, प्रोमो के बाद उत्साहित हुए फैन्स..


**डेस्क जगप्रेरणा।**

***बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'भूत बंगला' में नजर आने वाले हैं और फिलहाल फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में कलर्स टीवी के शो 'नागिन 7' का प्रोमो जारी हुआ, जिसमें अक्षय कुमार 'नाग गुरु' के रूप में एक विशेष भूमिका में नजर आ रहे हैं, जहां वे नागिनों की रानी से मिलते हैं।***

फैंस ने इस 'भूत बंगला' स्पेशल एपिसोड को लेकर सोशल मीडिया पर जबरदस्त उत्साह जताया है। प्रोमो शेयर करते हुए एकता कपूर ने लिखा, 'जब कॉमेडी के बादशाह नागिनों की रानी से मिलते हैं! 5 अप्रैल को रात 8 बजे कलर्स टीवी पर नागिन स्पेशल एपिसोड देखें।'

## प्रोमो में मचा धमाल..

नए प्रोमो में अक्षय कुमार का किरदार, नाग गुरु, नागिनों की रानी से मिलते और अजगर से लड़ने में उनकी मदद करते नजर आ रहे हैं। वीडियो के अंत में नागिन उनका आशीर्वाद प्राप्त करती है और न हारने का वादा करती है। दी गई जानकारी के अनुसार, नागिन 7 और भूत बंगला का स्पेशल एपिसोड 5 अप्रैल, 2026 को रात 8 बजे कलर्स टीवी पर प्रसारित होगा।



## भूत बंगला को लेकर उत्साहित हैं फैन्स..

सोशल मीडिया यूजर्स अक्षय कुमार को नागिन 7 के प्रोमो में देखकर उत्साहित हैं। एक यूजर ने लिखा, ' अक्षय कुमार के लिए बहुत उत्साहित हूं।' दूसरे ने लिखा, 'इस क्रॉसओवर के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह एक मजेदार, रोमांच और एक्शन से भरपूर वीकेंड होने वाला है।

प्रियंका चाहर चौधरी और अक्षय कुमार के क्रॉसओवर का बेसब्री से इंतजार है।'अक्षय कुमार की फिल्म भूत बंगला 17 अप्रैल, 2026 को रिलीज होने वाली है, जिसके लिए 16 अप्रैल, 2026 को सशुल्क प्रीव्यू आयोजित किए जाएंगे। इस बॉलीवुड फिल्म का निर्देशन प्रियदर्शन ने किया है और इसमें वामिका गब्बी, परेश रावल, राजपाल यादव और तब्बू मुख्य भूमिकाओं में हैं।

## 3 महीने में बंद हो जाएगा नागिन शो..

नागिन टीवी की दुनिया का एक सुपरस्टार शो है और इसकी टीआरपी का कोई जवाब नहीं रहा है। बीते दिनों नागिन का 7वां सीजन शुरू हुआ था। पहले ही एपिसोड से इसकी टीआरपी ने कमाल कर दिया था। हालांकि करीब 2 महीने अच्छा चलने के बाद ये शो पिट गया। जिसके पीछे की वजह शो में सस्ते एआई टूल्स को यूज करने की बताई गई जिसके चलते शो की कहानी काफी हल्की नजर आई। अब खबर आ रही है कि ये शो बंद होने वाला है क्योंकि टीआरपी के टॉप-10 लिस्ट से बाहर हो गया था।



विज्ञापन
आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433





# होर्मुज को लेकर चिंताओं के बीच सरकार ने एलपीजी की आपूर्ति बढ़ाई



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***सरकार ने रसोई गैस की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए पांच किलोग्राम वाले छोटे एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री तेज कर दी है। पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुसार,23 मार्च से अब तक ऐसे करीब 6.6 लाख सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।***

सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के घरेलू सिलेंडरों के विपरीत, पांच किलोग्राम के छोटे सिलेंडर, जिन्हें एफ्टीएल सिलेंडर कहा जाता है, बाजार कीमत पर मिलते हैं और इन्हें नजदीकी गैस एजेंसी से लेने के लिए पते का प्रमाण देना जरूरी नहीं होता।

पेट्रोलियम मंत्रालय ने एक बयान में कहा, ÷कल (4 अप्रैल) पांच किलोग्राम के 90,000 से अधिक एफ्टीएल सिलेंडर बेचे गए। 23 मार्च 2026 से अब तक करीब 6.6 लाख पांच किलोग्राम एफ्टीएल सिलेंडर बेचे जा चुके हैं।÷

मंत्रालय ने कहा कि एलपीजी वितरकों के पास किसी तरह की कमी की कोई सूचना नहीं है। एक ही दिन में 51 लाख से अधिक घरेलू सिलेंडरों की आपूर्ति की गई और कुल मांग का लगभग 95 प्रतिशत हिस्सा ऑनलाइन बुकिंग के जरिए पूरा हुआ।

प्रशासन ने जमाखोरी और कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। मार्च से अब तक 50,000 से अधिक सिलेंडर जब्त किए गए हैं, एलपीजी वितरकों को 1,400 से ज्यादा कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं और अब तक 36 डीलरशिप निलंबित की जा चुकी हैं।

मंत्रालय ने यह भी कहा कि वाणिज्यिक एलपीजी की आपूर्ति को संकट से पहले के स्तर के 70 प्रतिशत तक सीमित किया गया है, जबकि छोटे सिलेंडरों की उपलब्धता बढ़ाई जा रही है ताकि मांग का दबाव कम हो सके।

प्राकृतिक गैस के बारे में सरकार ने कहा कि घरेलू उपयोग और परिवहन के लिए पूरी आपूर्ति जारी है, जबकि उर्वरक संयंत्रों के लिए आपूर्ति छह अप्रैल से औसत खपत के करीब 90 प्रतिशत तक बढ़ाई जाएगी, जिसे आने वाले एलएनजी कार्गो का समर्थन मिलेगा।

मंत्रालय ने बताया कि सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और देशभर के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है। साथ ही लोगों से अपील की गई है कि घबराकर खरीदारी न करें और केवल आधिकारिक जानकारी पर भरोसा करें।

# आरबीआई की मौद्रिक समीक्षा, पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव : विश्लेषक



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों***

और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। विश्लेषकों ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे।'' उन्होंने कहा, ''प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी।÷

नायर ने कहा, ''वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है।''

उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक घटनाक्रम बाजार की धारणा को प्रभावित करने वाला प्रमुख कारक बना रहेगा।

उन्होंने आगे कहा, ''तीन दिन के अंतराल के बाद भारतीय बाजार खुलेंगे और सप्ताहांत में युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों के प्रति संवेदनशील रहेंगे। कच्चे तेल की कीमतों की दिशा और युद्धविराम के किसी ठोस संकेत से या तो बाजार में तेजी आ सकती है या फिर मौजूदा बिकवाली का दौर जारी रह सकता है।''

पिछले सप्ताह में, बीएसई के बेंचमार्क सेंसेक्स में 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत नुकसान में रहा। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव जारी रह सकता है और निवेशकों की धारणा पश्चिम एशिया की स्थिति से प्रभावित रहेगी। खेमका ने कहा, ÷कुल मिलाकर बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह और वैश्विक आर्थिक आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहेंगे।÷

विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव कम होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आती है तो बाजार को राहत मिल सकती है, जबकि तनाव बढ़ने की स्थिति में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कम हो सकती है और विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच मौद्रिक समीक्षा बैठक में रेपो दर को यथावत रखेगा आरबीआई : अर्थशास्त्री



**मुंबई, (भाषा)।**

***पश्चिम एशिया संकट की वजह से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका के चलते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मुख्य नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है। अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है।***

एक दर्जन से अधिक अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, जिंस कीमतों में अस्थिरता और मुद्रा के तेज उतार-चढ़ाव ने नीतिगत परिदृश्य को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि दर, मुद्रास्फीति पर आरबीआई के अनुमान और नीतिगत रुख पर गहरी नजर रहेगी।

इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, ''कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के इर्द-गिर्द अनिश्चितता को देखते हुए, आरबीआई द्वारा अप्रैल की नीति में यथास्थिति बनाए रखने और कोई भी अगला कदम उठाने से पहले मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विचार करने की संभावना है।''

एसबीआई के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने कहा कि दरों को स्थिर रखने की घोषणा करते समय आरबीआई अपनी टिप्पणी में काफी सावधानी बरतेगा। उन्होंने कहा, ''भारत मौजूदा संकट से अछूता नहीं है। रुपया पहले ही 93 प्रति डॉलर के ऊपर बना हुआ है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ी है।'' घोष ने यह भी कहा कि अनुमानित सुपर अल नीनो भी मुद्रास्फीति पर दबाव डालेगा।

क्रिसिल की प्रधान अर्थशास्त्री दीप्ति देशपांडे ने कहा कि यदि मुद्रास्फीति एमपीसी के लक्ष्य के करीब रहती है, तो मौद्रिक नीति में इस झटके को नजरअंदाज करके दरों को स्थिर रखा जा सकता है।

केंद्रीय बैंक ने पिछले साल फरवरी से अब तक रेपो दर में 1.25 प्रतिशत की कमी की है। हालांकि, बैंक ने अगस्त, अक्टूबर और फरवरी, 2026 की बैठक में दर को अपरिवर्तित रखा। छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की अप्रैल समीक्षा बैठक सोमवार से शुरू होगी और बुधवार को इसके नतीजे की घोषणा की जाएगी।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा, ''हमें इस बार रेपो दर या रुख में किसी बदलाव की उम्मीद नहीं है। लहजा सतर्क रहेगा और आरबीआई के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) तथा मुद्रास्फीति के पूर्वानुमानों का बेसब्री से इंतजार रहेगा।''

एचडीएफसी बैंक की प्रधान अर्थशास्त्री साक्षी गुप्ता ने कहा कि अल्पकालिक घटनाक्रमों के आधार पर दर के बारे में फैसला करना इस स्तर पर समझदारी भरा नहीं हो सकता है।

# जनवरी-मार्च में शीर्ष सात शहरों में घरों की कीमतों में मामूली वृद्धि: एनारॉक..



**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के बीच नकारात्मक उपभोक्ता धारणा के कारण बिक्री में आई गिरावट से देश के शीर्ष सात आवास बाजारों में जनवरी-मार्च अवधि के दौरान औसत कीमतों में पिछली तिमाही की तुलना में केवल दो प्रतिशत की मामूली वृद्धि देखी गई।***

संपत्ति के बारे में परामर्श देने वाली कंपनी एनारॉक की रिपोर्ट में यह बात कही गई।

एनारॉक के आंकड़ों के अनुसार, सात प्रमुख शहरों में घरों की औसत कीमतें जनवरी-मार्च में बढ़कर 9,456 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो पिछली तिमाही में 9,260 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं। सालाना आधार पर, कीमतों में सात प्रतिशत की वृद्धि हुई, जो जनवरी-मार्च, 2025 में 8,868 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

एनारॉक सात प्रमुख शहरों के प्राथमिक (पहली बिक्री) आवास बाजारों पर निगरानी रखता है। इन शहरों में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरु, पुणे, हैदराबाद, चेन्नई और कोलकाता शामिल हैं।

एनारॉक ने बताया कि इन शहरों में वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च अवधि में घरों की बिक्री में पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही की तुलना में मात्रा में सात प्रतिशत और मूल्य में छह प्रतिशत गिरावट आई। इस कारण कीमतें अधिकांशतः नियंत्रण में रहीं।

आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में औसत आवास मूल्य जनवरी-मार्च में तीन प्रतिशत बढ़कर 9,620 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गया, जो पिछली तिमाही में 9,300 रुपये प्रति वर्ग फुट था। पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में यह 8,330 रुपये प्रति वर्ग फुट था, जिसमें सालाना आधार 15 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

मुंबई महानगर क्षेत्र में वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान दरें बढ़कर 17,600 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 16,900 रुपये प्रति वर्ग फुट थी।

बेंगलुरु में औसत कीमतें वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में बढ़कर 9,310 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 8,650 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं।

पुणे में वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में आवासीय संपत्तियों की कीमतें दो प्रतिशत बढ़कर 8,220 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 7,800 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं।

एनारॉक के अनुसार, चेन्नई में वित्त वर्ष 2025-26 की चौथी तिमाही में औसत आवास की कीमतें बढ़कर 7,165 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 6,900 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं।

वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में कोलकाता में आवास की औसत कीमतें बढ़कर 6,290 रुपये प्रति वर्ग फुट हो गईं, जो वित्त वर्ष 2024-25 की समान तिमाही में 5,950 रुपये प्रति वर्ग फुट थीं, जिसमें वार्षिक आधार पर छह प्रतिशत की वृद्धि हुई।

# सीआईआई ने समन्वित राजकोषीय, वित्तीय और कारोबारी प्रतिक्रिया का आह्वान किया..




**नई दिल्ली, (भाषा)।**

***उद्योग निकाय भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने रविवार को पश्चिम एशिया संकट के प्रभाव को कम करने के लिए एक 20 सूत्रीय एजेंडा पेश किया। इसमें प्राथमिक बाजार में विदेशी निवेशकों के***

लिए दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर (एलटीसीजी) से अस्थायी छूट, समयबद्ध संघर्ष से जुड़ी आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (सीएल- ईसीएलजीएस) शुरू करने और सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के लिए तीन महीने तक ऋण स्थगन जैसे उपायों की मांग की गई है।

सीआईआई ने प्रस्ताव दिया कि प्राथमिकता क्षेत्र ऋण (पीएसएल) मानदंडों पर पुनर्विचार किया जा सकता है, ताकि बैंक बाहरी व्यवधानों के दौरान क्षेत्र-विशिष्ट तनाव के प्रति अधिक लचीले ढंग से प्रतिक्रिया दे सकें।

इसके अलावा, संगठन ने सुझाव दिया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) एमएसएमई और अन्य प्रभावित क्षेत्रों के लिए एक विशेष पुनर्वित्त खिड़की स्थापित कर सकता है।

सीआईआई ने सुझाव दिया कि बढ़ती वैश्विक अनिश्चितता के दौरान प्राथमिक बाजारों में विदेशी पूंजी प्रवाह बनाए रखने के लिए वित्त मंत्रालय विदेशी निवेशकों को प्राथमिक बाजार निवेश में दीर्घकालिक पूंजीगत लाभ कर से अस्थायी छूट देने पर विचार कर सकता है। इसके लिए पात्र होल्डिंग अवधि को दो से बढ़ाकर तीन साल किया जा सकता है। सीआईआई ने कहा कि यह नपातुला प्रोत्साहन स्थिरता का संकेत देगा और धैर्यवान पूंजी को प्रोत्साहित करेगा।

उद्योग निकाय ने सुझाव दिया कि वित्त मंत्रालय महामारी के दौरान लागू की गई योजना की तर्ज पर एक समयबद्ध संघर्ष से जुड़ी आपातकालीन ऋण सुविधा गारंटी योजना (सीएल- ईसीएलजीएस) शुरू करने पर विचार कर सकता है। इससे प्रभावित उद्यमों, विशेष रूप से एमएसएमई, निर्यातकों और गैस पर निर्भर क्षेत्रों को सरकारी गारंटी के माध्यम से कार्यशील पूंजी दी जा सकेगी।

अन्य सुझावों में बिजली शुल्कों में अस्थायी राहत, नकद ऋण सीमा में 20 प्रतिशत तक की वृद्धि और ऋण प्रसंस्करण शुल्क में छूट शामिल है। सीआईआई ने लंबित माल एवं सेवा कर (जीएसटी) रिफंड और शुल्क वापसी दावों को तेजी से निपटाने का भी आग्रह किया।

सीआईआई के महानिदेशक चंद्रजीत बनर्जी ने कहा, ''सरकार और आरबीआई ने गति, स्पष्टता और समन्वय के साथ प्रतिक्रिया दी है। शुरुआती उपायों ने धारणा को स्थिर करने में मदद की है।'' उन्होंने आगे कहा कि नीतिगत प्रतिक्रिया के अगले चरण में लक्षित नकदी सहायता और व्यापार लागत प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत हो सकती है।

# ईंधन कीमतों में स्थिरता के बीच भारतीय ओएमसी रिफाइनरियों को रियायती दरों पर भुगतान करेंगी



**नई दिल्ली,(भाषा)।**

ईंधन की कीमतों के नियंत्रणमुक्त होने के बाद पहली बार, भारत की सरकारी पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) पेट्रोल, डीजल, विमान ईंधन (एटीएफ) और केरोसिन यानी मिट्टी के तेल के लिए रिफाइनरियों को रियायती कीमत का भुगतान करेंगी। सूत्रों ने बताया कि यह कदम खुदरा ईंधन कीमतों को स्थिर रखने के कारण होने वाले घाटे को सीमित करने के लिए उठाया गया है।

इस मामले की प्रत्यक्ष जानकारी रखने वाले दो व्यक्तियों ने बताया कि पेट्रोलियम विपणन कंपनियों ने 26 मार्च को पेट्रोलियम उत्पादों के लिए ऐसी दरें तय की हैं, जो उनकी आयात लागत से 60 रुपये प्रति लीटर तक कम हैं। ये रियायती दरें 16 मार्च से प्रभावी मानी जाएंगी और इसका सबसे बुरा असर एमआरपीएल (एमआरपीएल), सीपीसीएल (सीपीसीएल) और एचएमईएल (एचएमईएल) जैसी स्वतंत्र रिफाइनरियों पर पड़ेगा। पश्चिम एशिया में संघर्ष से पहले अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गई हैं। इसके बावजूद, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे ओएमसी को इसके प्रभाव को खुद झेलना पड़ रहा है।

संघर्ष के जल्द खत्म होने के कोई आसार न देखते हुए, ओएमसी ने रिफाइनरी हस्तांतरण मूल्य (आरटीपी) पर छूट देने का निर्णय लिया है। आरटीपी वह आंतरिक कीमत है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन प्रभागों को ईंधन बेचती हैं। इस छूट के जरिये रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल जैसे ईंधन के लिए आयात लागत से कम भुगतान किया जाएगा। मार्च के दूसरे पखवाड़े के लिए डीजल पर 22,342 रुपये प्रति किलोलीटर (22.34 रुपये प्रति लीटर) की छूट तय की गई थी ताकि 85,349 रुपये प्रति किलोलीटर के आरटीपी को घटाकर 63,007 रुपये प्रति किलोलीटर किया जा सके। अप्रैल के पहले पखवाड़े के लिए डीजल पर छूट 60,239 रुपये प्रति किलोलीटर तय की गई है ताकि आरटीपी को 1,46,243 रुपये प्रति किलोलीटर से घटाकर 86,004 रुपये प्रति किलोलीटर किया जा सके।

इसी तरह, एटीएफ पर 50,564 रुपये प्रति किलोलीटर की छूट के बाद आरटीपी को 1,27,486 रुपये से घटाकर 76,923 रुपये प्रति किलोलीटर कर दिया गया है। केरोसिन के लिए 46,311 रुपये प्रति किलोलीटर की छूट के बाद आरटीपी 1,23,845 रुपये से घटाकर 77,534 रुपये प्रति किलोलीटर तय किया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), भारत पेट्रोलियम (बीपीसीएल) और हिंदुस्तान पेट्रोलियम (एचपीसीएल) जैसी सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियां अपने रिफाइनिंग और विपणन कार्यों के बीच इस नुकसान की कुछ हद तक भरपाई कर सकती हैं। हालांकि, एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमईएल जैसी रिफाइनरियां इस कदम से सबसे अधिक प्रभावित होंगी। सूत्रों ने कहा कि यदि निजी रिफाइनरियों के लिए भी आरटीपी पर छूट लागू की जाती है, तो नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड जैसे रिफाइनरी कंपनियां भी प्रभावित होंगे। दोनों निजी रिफाइनरी कंपनियां अपने पेट्रोल और डीजल उत्पादन का अधिकांश हिस्सा ओएमसी को बेचती हैं। ओएमसी देश में एक लाख पेट्रोल पंप में से 90 प्रतिशत का परिचालन करती हैं।





विज्ञापन आमंत्रित है..
संपर्क -
9329033433

# प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए बनेगा अत्याधुनिक ज्ञान केंद्र- छात्रों के सपनों को मिलेगा नया आसमान...

## जनप्रतिनिधि, प्रशासन, शिक्षक, पत्रकार, समाजसेवी और ग्रामीण एकजुट..

जगप्रेरणा हर्ष पाण्डेय, परसवाड़ा।

*वनांचल क्षेत्र के विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में परसवाड़ा से एक ऐसी प्रेरणादायक पहल सामने आई है, जिसने पूरे क्षेत्र में उम्मीद की नई रोशनी जगा दी है। प्रस्तावित अत्याधुनिक सार्वजनिक पुस्तकालय अब केवल एक परियोजना नहीं,*

बल्कि जनभावनाओं से जुड़ा एक सशक्त जनआंदोलन बनता जा रहा है। जनपद पंचायत परसवाड़ा के सभागार में आयोजित भव्य बैठक में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, पत्रकारों, समाजसेवियों और ग्रामीणों की अभूतपूर्व उपस्थिति देखने को मिली। यह आयोजन केवल चर्चा का मंच नहीं रहा, बल्कि सहयोग, संकल्प और सामूहिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बन गया।

### नेतृत्व और मार्गदर्शन–

बैठक की अध्यक्षता एसडीएम श्रीश प्यासी ने की, जबकि पुस्तकालय के आधार स्तंभ समाजसेवी युवा नेता रामेश्वर धरमलाल कटरे ने अपने अनुभवो के आधार पर मार्गदर्शन दिया । विशेष उपस्थिति जिला पंचायत सदस्य दलसिंह पंद्रेव जिला पंचायत तामेश्वर पटेल ने दर्ज कराई। सभी वक्ताओं ने एक स्वर में इस पहल को क्षेत्र के शैक्षणिक विकास का मील का पत्थर बताया।

### वनांचल के छात्रों के लिए नई उम्मीद–

युवा समाजसेवी रामेश्वर कटरे ने अपने उद्बोधन में कहा कि बालाघाट जिले के युवाओं में प्रदेश के युवाओं से सबसे अधिक संभावनाएं हैं संसाधनों के अभाव में यहां के कई प्रतिभाशाली युवा छात्र अपनी क्षमता के अनुरूप आगे नहीं बढ़ पाते । बड़े शहरों जैसी लाइब्रेरी, मार्गदर्शन और कोचिंग सुविधाओं की कमी उनके सपनों को सीमित कर देती है।

इसी आवश्यकता को समझते हुए परसवाड़ा में एक सर्वसुविधायुक्त, आधुनिक पुस्तकालय स्थापित किया जा रहा है–जहां न केवल पुस्तकों का विशाल संग्रह होगा, बल्कि शांत, अनुशासित और प्रेरणादायक अध्ययन वातावरण भी उपलब्ध रहेगा। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास है कि जिले के हर ब्लाक मुख्यालयों और ग्राम केंद्रो में गणमान्यजनो से आग्रह करके जनभागीदारी के माध्यम से जगह जगह पर इस तरह की आधुनिक सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय प्रारंभ करने की पहल की जाएगी।







### जनभागीदारी बनी सबसे बड़ी ताकत –

इस पहल की सबसे खास बात रही समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी। सहयोग की घोषणाओं ने यह स्पष्ट कर दिया कि यह पुस्तकालय केवल एक भवन नहीं, बल्कि सामूहिक सपनों का केंद्र होगा।

### प्रमुख सहयोग घोषणाएं–

परसवाड़ा एसडीएम श्रीश प्यासी - ₹1,00,000,

ताराचंद वेल्जी - 51000/- रुपए

समाजसेवी रामेश्वर कटरे - ₹51,000 + ₹2000 प्रतिमाह,

जिला पंचायत दलसिंह पंद्रे - ₹51,000,

जिला पंचायत तामेश्वर पटेल - ₹25,000 ।

### शिक्षा के क्षेत्र में विशेष योगदान–

वर्टेक्स कोचिंग परसवाड़ा के डायरेक्टर धर्मचंद राठौर ने ₹1,00,000 की सहयोग राशि के साथ-साथ हर माह ₹2000 देने और 20 निर्धन छात्रों को निशुल्क कोचिंग प्रदान करने की घोषणा की। यह पहल पुस्तकालय को एक संपूर्ण ÷ज्ञान एवं मार्गदर्शन केंद्र÷ के रूप में स्थापित करेगी। नटराज मोबाइल के संचालक मनोज ब्रम्हे ने -5100 रुपए, + हर माह 1000 रू देने की घोषणा की है।

### शिक्षकों और अधिकारियों का योगदान–

प्राचार्य एल.एल. घोरमारे - ₹25,000,

बीडीओ डी.डी. ठाकरे - ₹11,000,

प्राचार्य शिवप्रसाद मानेश्वर - ₹11,000,

प्राचार्य जयंत खाडवे - ₹11,000 + ₹25,000, शिक्षक वेद प्रकाश पटले - ₹11,000, बीआरसी अरुण बिठले - ₹5,100 ।

पत्रकार संगठनों की भागीदारी-

वर्किंग जर्नलिस्ट आर्गेनाइजेशन पत्रकार संघ ₹11,000 एवं समाचार पत्र सहयोग, श्रमजीवी पत्रकार संघ ₹11,000 ।

### जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों का उत्साह–

लिंगा- सरपंच कपूर वरकड़े - ₹11,000 ।

चीनी सरपंच प्रमिला उइके - ₹11,000 ।

सरपंच भीकेवाडा सरोज वाडिवा - ₹11,000 ।

सरपंच कनई - ₹10,000,

सचिव उड़दना - ₹10,000,

सरपंच सहेजना - ₹5,100

सरपंच बघोली - ₹5,100,

मोहगांव सरपंच मीना मर्सकोले - ₹11,000,

सचिव महेश मरकाम - ₹11,000,

वेलफेयर ऑफिसर मायल - ₹5,000,

समीता मेरावी - ₹11,000 ।

### अन्य समाजसेवियों का योगदान–

महेंद्र पटेल - 11000/-

रमेश पटले - ₹5,000,

श्रीश अवधिया - ₹5,100,

अनिल कुमार बोरिकर - ₹5,000 ।

डामेश पटले - 5100/-

मुकेश मेहनोत - 5100/-

### आधुनिक सुविधाओं की ओर कदम–

परसवाड़ा क्षेत्र के उभरते हुए युवा समाजसेवी देवेंद्र एडे (लिंगा) द्वारा 2 टन एयर कंडीशनर पुस्तकालय को प्रदान करने की घोषणा ने इस पुस्तकालय को सुविधासंपन्न बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है। वही नरेंद्र (पप्पू) पटले द्वारा 25000/- रूपए के कोचिंग क्लास नोट्स प्रदान करने की बात कही व व्यापारी टीकम राहंगडाले द्वारा RO वाटर कूलर प्यूरीफायर प्रदान किया जाएगा।

### संचालन के लिए बनेगी स्थायी कमेटी–

एसडीएम श्रीश प्यासी ने अपने उद्बोधन में कहा कि पुस्तकालय का निर्माण करना महत्वपूर्ण है, लेकिन उसका दीर्घकालीन संचालन और बेहतर प्रबंधन उससे भी अधिक आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पुस्तकालय के संचालन के लिए एक स्थायी कमेटी का गठन किया जाएगा, जो संसाधनों के प्रबंधन, रखरखाव और अनुशासन को सुनिश्चित करेगी। उन्होंने सभी से अपील की कि वे व्यक्तिगत हितों से ऊपर उठकर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए सहयोग करें।

### बैहर मॉडल से प्रेरित योजना–

समाजसेवी रामेश्वर कटरे ने जानकारी दी कि तहसील मुख्यालय बैहर में इसी प्रकार की जनभागीदारी से मात्र 50 दिनों में आधुनिक पुस्तकालय की स्थापना की गई थी जिसके उद्घाटन समारोह में महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल के साथ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों व गणमान्य भी शामिल हुए थे । उन्होंने बताया कि फिल्म अभिनेता रणदीप हुड्डा ने पुस्तकालय को 2 लाख रुपए का स्वयं से आर्थिक सहयोग प्रदान किया था । मुख्यालय परसवाड़ा में भी उसी मॉडल को अपनाते हुए इस योजना को शीघ्र मूर्त रूप दिया जाएगा।

### जल्द शुरू होगा पुस्तकालय–

बैठक के पश्चात सभी अतिथियों ने सांदीपनि विद्यालय के पुराने भवन का निरीक्षण किया और वहीं से पुस्तकालय संचालन की प्रारंभिक योजना तैयार की गई। बहुत जल्द यह स्थान छात्रों की ज्ञान साधना का केंद्र बन जाएगा।

### शिक्षा का उभरता केंद्र बनेगा परसवाड़ा–

यह पुस्तकालय केवल किताबों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, मार्गदर्शन और सफलता का आधार बनेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह किसी वरदान से कम नहीं होगा।

निष्कर्ष परसवाड़ा में शुरू हुई यह पहल एक सशक्त संदेश देती है– 'जब समाज एकजुट होता है, तो संसाधनों की कमी भी अवसर में बदल जाती है।' आने वाले समय में यह अत्याधुनिक पुस्तकालय न केवल हजारों विद्यार्थियों के सपनों को पंख देगा, बल्कि परसवाड़ा को एक नए शैक्षणिक केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। बैठक में उपस्थित प्रमुख जन युवा समाजसेवी रामेश्वर कटरे, श्रीश प्यासी (एसडीएम), दलसिंह पंद्रे (जिला पंचायत सदस्य), तामेश्वर पटेल, समाजसेवी देवेंद्र एडे (लिंगा)

धर्मचंद राठौर, प्राचार्य एल.एल. घोरमारे, मुख्य कार्यपालन अधिकारी धन्नाराम उइके, बीडीओ डी.डी. ठाकरे, प्राचार्य शिवप्रसाद मानेश्वर, प्राचार्य जयंत खाडवे, शिक्षक वेद प्रकाश पटले, बीआरसी अरुण बिठले, कपूर वरकड़े (सरपंच लिंगा), प्रमिला उइके (सरपंच चीनी), सरोज वाडिवा (सरपंच भीकेवाडा), सरपंच कनई, सचिव उड़दना, सरपंच सहेजना, सरपंच बघोली, मोहगांव सरपंच मीना मर्सकोले, महेश मरकाम (सचिव),

वेलफेयर ऑफिसर मायल, समीता मेरावी, नरेंद्र (पप्पू) पटले, व्यापारी टीकम राहंगडाले, महेंद्र पटेल, मनोज ब्रम्हे, रमेश पटले, श्रीश अवधिया, अनिल कुमार बोरिकर, साथ ही वर्किंग जर्नलिस्ट पत्रकार संघ एवं श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य, शिक्षकगण, समाजसेवी, पंचायत सचिव एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# आवारा कुत्तों का आतंक! चबा डाले दफ्तर से लौट रही 20 साल की युवती के होंठ; अस्पताल में भर्ती..



डेस्क जगप्रेरणा।

*यूपी के कानपुर शहर में आवारा कुत्तों का आतंक दिन-ब-दिन बढ़ता जा रहा है। हाल ही में बर्रा निवासी 20 वर्षीय निकिता कुशवाहा पर कुत्ते भयानक हमला हुआ है, जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी है। जानकारी के अनुसार, निकिता किदवई नगर स्थित तुलसीयांन टेक्सटाइल कंपनी में नौकरी करती हैं।*

जब वह ऑफिस से निकलकर ऑटो से सचान चौराहे पर उतरीं। जैसे ही वह दूसरे ऑटो में बैठने के लिए आगे बढ़ी, अचानक एक आवारा कुत्ता झपटा और उसके सीने पर पैर रखकर उसके होंठों में जोरदार काट लिया।

### कुत्ते के हमले में कटे लड़की के होंठ..

इस हमले में युवती बुरी तरह घायल हो गई। उसके होंठ फट गए और चेहरे पर गहरी क्षति हो गई। आसपास खड़े लोगों ने किसी तरह कुत्ते को भगाया, लेकिन तब तक काफी नुकसान हो चुका था। निकिता के गरीब माता-पिता को जब यह खबर मिली तो वे हैरान रह गए। सबसे पहले उन्हें सरकारी अस्पताल ले गए, लेकिन वहां एडमिट करने से मना कर दिया गया। आखिरकार उन्हें बर्रा स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराना पड़ा, जहां डॉक्टरों ने निकिता के होंठों की सर्जरी की। फिलहाल युवती उसी अस्पताल में भर्ती है और उसका इलाज चल रहा है। परिवार आर्थिक तंगी और मानसिक आघात दोनों से जूझ रहा है।

### पीड़िता के परिवार के गंभीर आरोप

निकिता के परिवार का आरोप है कि अगर नगर निगम और स्थानीय प्रशासन, सख्ती से 'कैचिंग दस्ते' का अभियान चलाते तो शायद यह घटना ना होती। इलाकाई निवासियों का मानना है कि आवारा कुत्तों की समस्या केवल स्वास्थ्य का मुद्दा नहीं, बल्कि सार्वजनिक सुरक्षा का बड़ा खतरा बन चुकी है। लोग डॉग बाइट के शिकार हो रहे हैं और रेबीज का डर हर किसी के मन में बैठा है।

### मां को बेटी के चेहरे पर निशान की चिंता..

निकिता की मां कहती हैं, 'बेटी रोज ऑफिस जाती है, कमाकर घर चलाती है। अब चेहरे पर निशान रह जाएगा, खाने-पीने में तकलीफहोगी। हम गरीब लोग कहां से महंगा इलाज करवाएं?' परिवार अब पूर्ण स्वस्थ होने तक निकिता की देखभाल कर रहा है।

### कानपुर में डॉग अटैक की लिस्ट लंबी

बताते चलें कि कानपुर में यह घटना पहली और अकेली नहीं है। कानपुर में आवारा कुत्तों के हमलों की लिस्ट लंबी होती जा रही है। मार्च, 2026 में जाजमऊ के मनोहर नगर में 12 वर्षीय आरिश आलम पर कुत्तों के झुंड ने हमला कर दिया। बच्चे को घेरकर नोचा गया, हाथ-पैर में गहरे घाव आए और हाथ में 10 टांके लगे। उसी महीने कल्याणपुर के शिवली रोड बाजार में एक युवती पर आवारा कुत्ता हमला कर बैठा। सीसीटीवी फुटेज में साफ दिखा कि कुत्ता युवती को सड़क पर गिराकर नोच रहा था।

### पहले भी कॉलेज की लड़की पर हुआ था हमला..

अगस्त, 2025 में श्याम नगर इलाके में बीबीए की 21 वर्षीय छात्रा वैष्णवी साहू पर तीन आवारा कुत्तों ने सामूहिक हमला किया। कॉलेज से घर लौट रही लड़की का गाल दो हिस्सों में फट गया, नाक कट गई और चेहरे पर 17 टांके लगे। पड़ोसियों ने किसी तरह उसे बचाया। ऐसे ही कई मामले सामने आ चुके हैं जहां बच्चे, महिलाएं और आम नागरिक आवारा कुत्तों का शिकार बन रहे हैं।

बताते चलें शहर में करीब 1.30 लाख से ज्यादा आवारा कुत्ते बताए जाते हैं। नगर निगम समय-समय पर इन्हें पकड़ने और नसबंदी (ABC) अभियान चलाता है, लेकिन जमीन पर स्थिति जस की तस बनी हुई है। चौराहों, बाजारों और आवासीय इलाकों में खूंखार कुत्ते बेखौफ घूमते दिखाई देते हैं। हाल ही में प्रशासन ने दो बार काटने वाले कुत्तों को आजीवन ABC सेंटर में रखने का फैसला लिया है, लेकिन आम लोगों का कहना है कि अमल बहुत धीमा है। इन घटनाओं ने एक बार फिर सवाल उठा दिया है कि कानपुर नगर निगम कब तक सिर्फकागजों पर अभियान चलाएगा? सड़कों पर घूम रहे खतरनाक आवारा कुत्तों को पकड़ने, नसबंदी करने और उन्हें सुरक्षित जगह शिफ्ट करने के लिए सख्त और निरंतर अभियान की जरूरत है। अन्यथा शहर के हर चौराहे पर मासूमों की जान खतरे में पड़ी रहेगी।

# अनूपपुर में बड़ा हादसा, 3 मंजिला इमारत गिरी, एक की मौत, कई के मलबे में दबे होने की आशंका..



डेस्क जगप्रेरणा।

मध्य प्रदेश के अनूपपुर में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां एक 3 मंजिला बिल्डिंग अचानक भर-भराकर गिर गई है। इस घटना में एक शख्स की मौत हो गई है और कई लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका है। हादसा अनूपपुर के कोतमा नगर में बस स्टैंड के पास अग्रवाल लॉज की बिल्डिंग में हुआ। पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंच गया है और रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मौके पर भारी भीड़ मौजूद है और अभी बिल्डिंग गिरने का कारण स्पष्ट नहीं है।

### क्या है पूरा मामला?

**MP** के अनूपपुर जिले के कोतमा नगर के वार्ड क्रमांक 5 स्थित बस स्टैंड के पास शनिवार शाम एक दर्दनाक हादसे ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया। यहां अग्रवाल होटल की इमारत अचानक भर-भराकर गिर गई, जिससे इलाके में अफ्रा-तफ्री का माहौल बन गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हादसे के समय इमारत में कई लोग मौजूद थे। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक मलबे में 5 से 6 लोगों के दबे होने की आशंका जताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, नगर पालिका और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और तत्काल राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया।

शहर और स्थानीय बचाव दल ने तत्परता दिखाते हुए मलबे से दो लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, जिन्हें तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोतमा भेजा गया। वहां उनका उपचार जारी है। वहीं, अभी भी 4 से 5 लोगों के मलबे में फंसे होने की आशंका बनी हुई है, जिसके चलते राहत कार्य युद्धस्तर पर जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मोती उर रहमान स्वयं मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य की निगरानी कर रहे हैं। उनके साथ कोतमा तहसीलदार दशरथ सिंह, थाना प्रभारी रत्नांबर शुक्ला, नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफसहित कई प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद हैं। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग और व्यापारी भी मौके पर पहुंचकर बचाव कार्य में सहयोग कर रहे हैं। नगर पालिका की टीम जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से मलबा हटाने में जुटी हुई है। प्रशासन लगातार स्थिति पर नजर बनाए हुए है और हर संभव प्रयास कर रहा है कि मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा सके। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, जिस इमारत का हिस्सा गिरा है उसके पास नई बिल्डिंग का निर्माण कार्य चल रहा था। बताया जा रहा है कि निर्माण के दौरान की गई अंडरग्राउंड खुदाई से पुरानी इमारत की नींव कमजोर हो गई, जिससे यह हादसा हुआ। हालांकि, दुर्घटना के वास्तविक कारणों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है और भारी भीड़ घटनास्थल पर जुट गई है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे मौके से दूरी बनाए रखें, ताकि राहत एवं बचाव कार्य में किसी प्रकार की बाधा न आए। फिलहाल सभी की निगाहें जारी राहत कार्य पर टिकी हुई हैं और मलबे में फंसे लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं।

# फरीदाबाद के एक व्यक्ति ने प्रेमिका को वीडियो कॉल करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या की..

जगप्रेरणा/पी.टी.आई (भाषा)

*फरीदाबाद में रविवार को 28 वर्षीय एक व्यक्ति ने अपनी प्रेमिका के साथ वीडियो कॉल पर बात करते हुए फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने यह जानकारी दी।*



उन्होंने बताया कि मृतक की पहचान फरीदाबाद की जवाहर कॉलोनी निवासी निखिल के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, निखिल का संजय कॉलोनी की एक महिला के साथ करीब पांच साल से प्रेम संबंध था। दंपति ने शादी करने की योजना बना ली थी और उनके परिजनों ने इस विषय पर चर्चा भी कर ली थी। हालांकि, महिला कुछ समय से निखिल से शादी करने से इनकार कर रही थी, जिससे निखिल मानसिक रूप से परेशान था। रविवार शाम करीब पांच बजे निखिल ने व्हाट्सएप पर उस महिला से बात की। इसके बाद उसने वीडियो कॉल किया और फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की प्रत्यक्षदर्शी महिला ने तुरंत निखिल के दोस्तों को फोन किया।

जब वे निखिल के घर पहुंचे तो वह अपने कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ मृत मिला। बताया जा रहा है कि उस समय निखिल घर पर अकेला था। उसके पिता का कुछ साल पहले देहांत हो गया था और उसकी मां उज्जैन में थीं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि घटना की विस्तृत जांच जारी है।

दरीयां, मेटींग्स, कार्पेट्स, डोरमेट्स, शॉल, ब्लैंकेट्स, स्कूल की भोजन पट्टियां, ताड़पत्री, मच्छरदानी, ग्रीन नेट, चादरें, बेड शीट्स के थोक व चिल्लर विक्रेता

रमनकुमार मेठी हैंडलुम हाऊस

मेन रोड, बड़ी मस्जिद के सामने, गोंदिया 9890696200

सर्वश्रेष्ठ प्रिंटिंग

सबसे कम कीमत पर

समाचार पत्र, पत्रिका, किताब, पांपलेट, बिलबुक, रसीद बुक, लेटरपेड, कैलेंडर, आदि की ग्राफिक्स डिजाईनिंग एवं प्रिंटिंग कार्य के लिये तथा समाचार पत्रों के साथ पांपलेट वितरण कार्य के लिये संपर्क करें..

जगप्रेरणा ग्राफिक्स

गोंदिया - बालाघाट मो. 9329033433










दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

राकेश रोकड़े सालेकसा

मो. 9049200353


# घर पर कार्रवाई का तहसीलदार का इशारा, पिता-पुत्र सहित परिवार आत्मदाह की तैयारी में..

## पीड़ित परिवार ने पत्रकार परिषद में रखी व्यथा..





**जगप्रेरणा सालेकसा।**

***सालेकसा तहसील के पानगांव में न्यायप्रविष्ट जमीन प्रकरण में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई का इशारा दिए जाने से पिता-पुत्र सहित एक परिवार ने आत्मदाह की चेतावनी दी है, जिससे पूरे तहसील में खलबली मच गई है।***

पानगांव निवासी धनराज गोवदन लिल्हारे (आयु 54 वर्ष) और उनके पुत्र देवराज धनराज लिल्हारे (आयु 32 वर्ष) ने पत्रकार परिषद लेकर अपनी व्यथा रखी। उन्होंने बताया कि मौजा पानगांव के गट क्रमांक 09 की जमीन पर वे वर्ष 1973 से पुश्तैनी रूप से रह रहे हैं और उनके पीढ़ीत परिवार का उस जगह पर लंबे समय से कब्जा है। संबंधित जगह के पास ही उनकी खुद की खेती की जमीन भी होने की बात उन्होंने स्पष्ट की।

पीड़ित परिवार के अनुसार, इस मामले में न्यायालय का आदेश दिनांक 4 दिसंबर 2025 को पारित हुआ था और उन्होंने 4 फरवरी 2026 तथा 16 मार्च 2026 को तहसीलदार कार्यालय में अपना विस्तृत उत्तर और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत किए हैं। इसलिए यह मामला वर्तमान में न्यायप्रविष्ट **(sub judice)** होने की बात उन्होंने रेखांकित की। इसके बावजूद प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने के लिए नोटिस दिए जाने का आरोप पीढ़ीत परिवार ने लगाया है। साथ ही 23 मार्च 2026 को जेसीबी मशीन द्वारा उनके घर और खेत पर कार्रवाई किए जाने की सूचना पत्र के माध्यम से दी गई है धनराज लिल्हारे और देवराज लिल्हारे ने बताया कि उन्होंने संबंधित नोटिस का जवाब न्यायालय के आदेश और साक्ष्यों सहित दिया, फिर भी उनकी बात पर कोई ध्यान नहीं दिया गया।'जब मामला न्यायप्रविष्ट है, तब इस प्रकार की जल्दबाजी में कार्रवाई करना अन्यायपूर्ण है,' उन्होंने प्रतिक्रिया दी।

इस बीच, तहसीलदार नरसय्या कोंडागुर्ले ने अपनी भूमिका स्पष्ट करते हुए कहा, 'सदर जमीन सरकारी है और उस स्थान पर तलाठी कार्यालय बनाने की योजना है। इसलिए नियमानुसार अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है।' इस पूरे मामले के कारण परिवार पर भारी मानसिक दबाव बना हुआ है और उनके दैनिक जीवन पर भी असर पड़ा है। 'हमारे पास रहने के लिए कोई अन्य व्यवस्था नहीं है। हम वर्षों से यहां रह रहे हैं। प्रशासन हमारी बात नहीं सुन रहा है, इसलिए हम पूरी तरह से हताश हो चुके हैं' ऐसे भावुक शब्द पीढ़ीत परिवार ने व्यक्त किए।

पीड़ित परिवार ने जिलाधिकारी को लिखित निवेदन देकर स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि यह कार्रवाई तुरंत नहीं रोकी गई, तो वे अपने परिवार सहित आत्मदाह करेंगे। इस चेतावनी से प्रशासन में तात्कालिक हलचल होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

### प्रशासन की बड़ी कसौटी..

न्यायप्रविष्ट मामले में कार्रवाई का मुद्दा सामने आने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर प्रश्नचिन्ह खड़ा हो गया है। एक ओर जमीन सरकारी होने का दावा, तो दूसरी ओर लंबे समय से कब्जा और न्यायालयीन प्रक्रिया जारी होने का पीढ़ीत परिवार का दावा – इससे मामला और अधिक जटिल हो गया है।

# 22 वर्ष से बजरंग दल आमगाव कार्यालय लगातार श्रीराम उत्सव, उत्सव के दौरान रोज विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन

## श्रीराम की अदभुत छवि के दर्शन लेने भक्त लगा रहे ताता..

## श्रीरामनवमी से हनुमान जयंती तक राम उत्सव का आयोजन..





**जगप्रेरणा आमगांव।**

***आमगाव शहर मे विश्व हिंदू परिषद एव बजरंग दल आमगाव के ओर से श्रीराम नावमी से हनुमान जयंती तक राम उत्सव का आयोजन पिछले 22 सालो से लगातार किया जा रहा है***

इस वर्ष भी आमगांव शहर के हृदयस्थल आंबेडकर चौक रेल्वे स्टेशन मार्ग पर बजरंग दल कार्यलय मे विश्व हिंदू परिषद एव बजरंग दल आमगाव की ओर से भव्य श्रीराम उत्सव का आयोजन किया गया है 28 मार्च को श्रीरामजी एव माता सिता की मिट्टी से बनी मुर्ती की स्थापना की गई ।

29 मार्च को प्रमुख संतो द्वारा महाआरती की गई 30 मार्च को ईगल किक बाक्सिंग अकेडमी द्वारा महिला सशक्तीकरण पर विशेष मार्गदर्शन 31 मार्च को शितला भजन मंडल द्वारा सुंदरकांड 01 एप्रिल को भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिबीर मल्टी हॉस्पिटल द्वारा सोनोग्राफी एक्स रे जिसमे डॉ.पुनम जायसवाल डॉ.सनी जायसवाल न्युरो सर्जन डॉ .राहुल चौरागडे बालरोग तज्ज्ञ डॉ मनिषा पटले,दंत रोग अतुल बहेकार ने सेवा प्रदान की 2 एप्रिल को हनुमान जयंती निमित्त महाआरती एव 3 एप्रिल को प्रसिद्ध गायक मितेश परमार द्वारा प्रस्तुत भव्य भजन संध्या एव शाम 7:30 बजे भव्य महाप्रसाद का आयोजन किया गया है रोज सुबह 09 बजे एव रात 08 बजे आरती का आयोजन किया गया है विश्व हिंदू परिषद एव बजरंग दल कार्यालय आमगाव की ओर से राम उत्सव का आयोजन किया गया है।

इस दौरान श्रीराम एव माता सिता के अद्भुत छबी के दर्शन हेतु भक्तो का ताता लगा हुआ है एव राम उत्सव के सफल आयोजन हेतु विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल आमगांव के सभी पदाधिकारी सदस्य प्रयास रत है जिसमे प्रमुख रूप जिला गौरक्षा प्रमुख बालाराम व्यास, प्रांत नवीन जैन, विहिप् अध्यक्ष, आनंद अग्रवाल, संजय जी मते, राम लिल्हारे, राजेश मिश्रा, प्रणव मेश्राम, राजू बावन्थडे, जागेश रिनाईत, शक्ति मेश्राम, आयुषः बेटवाल, अमर चुटै, गौरव पवांर, शंकर शेडे, पंकज पारधी प्रमख रूप से बजरंग दल के वीर बजरगी उपस्थित थे।

# सुकड़ी (डाकराम) में चैत्र पूर्णिमा पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन..




**जगप्रेरणा तिरोड़ा।**

***चैत्र पूर्णिमा पंचमी यात्रा के पावन अवसर पर 7 अप्रैल मंगलवार को शाम 5:30 बजे ग्राम सुकड़ी (डाकराम), तहसील तिरोड़ा में भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।***

कार्यक्रम का उद्घाटन गड़चिरोली-चिमुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ.नामदेवराव किरसान के हाथों गोंदिया-भंडारा लोकसभा क्षेत्र के सांसद डॉ.प्रशांत पडोले की प्रमुख उपस्थिती में किया जाएगा।

इस अवसर पर 'पंचकृष्ण भजन संध्या', सर्वधर्मीय सामूहिक विवाह समारोह एवं विशाल महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। ज्ञात हो कि सुकड़ी डाकराम के इस मेले में महानुभाव पंथ के साथ ही अन्य श्रद्धालु भी बड़ी संख्या में शामिल होते है।

पूर्व विधायक तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप बंसोड़ एवं मित्र परिवार द्वारा बीते अनेक वर्षो से आयोजित इस पंचकृष्ण भजन संध्या, सामूहिक विवाह समारोह एवं विशाल महाप्रसाद में बड़ी संख्या में सहपरिवार शामिल होने का आवाहन आयोजकों की ओर से क्षेत्र के नागरिकों को कीया गया है।

# गोंदिया स्टेशन में प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 के विघटन (डिस्मेंटलिंग) कार्य के कारण 52 ट्रेनों के प्लेटफॉर्म में अस्थायी परिवर्तन..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

***यात्रियों की सुविधा एवं स्टेशन के अधोसंरचना विकास कार्यों के अंतर्गत प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 के विघटन*** **(Dis-mantling)** ***का कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते कुल 52 ट्रेनों के निर्धारित प्लेटफॉर्म में अस्थायी परिवर्तन किया गया है।***

प्राप्त विवरण के अनुसार, पूर्व में प्लेटफॉर्म क्रमांक 3 से संचालित होने वाली ट्रेनों को अब प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 पर स्थानांतरित किया गया है।

**विवरण इस प्रकार है -**

इन परिवर्तनों के तहत अधिकांश ट्रेनों को प्लेटफॉर्म क्रमांक 2 तथा कुछ ट्रेनों को प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 पर संचालित किया जाएगा। यह व्यवस्था ट्रेनों के सुरक्षित एवं सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लागू की गई है। रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों से अपील की जाती है कि वे स्टेशन पर पहुंचने के पश्चात उद्घोषणा प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड एवं रेलवे कर्मचारियों द्वारा दी जा रही जानकारी पर ध्यान दें और उसी के अनुसार अपने प्लेटफॉर्म का चयन करें। **नोट:-** जिन ट्रेनों का पूर्व निर्धारित प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 है, उनके संचालन में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। रेल प्रशासन यात्रियों से सहयोग की अपेक्षा करता है।

# आमगांव, स्वच्छता अभियान ठप, ठेकेदार आर्थिक संकट में, शहर में गंदगी का साम्राज्य..



**जगप्रेरणा आमगांव।**

***आमगांव नगर परिषद के स्वच्छता अभियान को अचानक ब्रेक लगने से शहर में चारों ओर गंदगी का साम्राज्य फैल गया है।***

ठेकेदार के करीब 14 महीनों से करोड़ों रुपये के बिल बकाया होने के कारण ठोस कचरा उठाने का काम पूरी तरह बंद हो गया है, जिससे नागरिकों को दुर्गंध और अस्वच्छता का भारी सामना करना पड़ रहा है। नगर परिषद प्रशासन ने स्वच्छता अभियान के लिए निजी ठेकेदार की नियुक्ति की थी, लेकिन लंबे समय से भुगतान न मिलने के कारण संबंधित ठेकेदार गंभीर आर्थिक संकट में फंस गया है। ठेकेदार ने कर्ज लेकर काम जारी रखने का प्रयास किया, परंतु डीजल खर्च, कर्मचारियों का वेतन, वाहनों की मरम्मत और अन्य दैनिक खर्च वहन करना मुश्किल हो गया। अंततः ठेकेदार को काम बंद करने का निर्णय लेना पड़ा।

ठेकेदार के अनुसार, कई बार नगर परिषद के पास भुगतान के लिए आग्रह करने के बावजूद भी बिल की राशि नहीं मिली, जिससे कर्ज का बोझ लगातार बढ़ता गया और आर्थिक दबाव असहनीय हो गया। परिणामस्वरूप, शहर की स्वच्छता व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। वर्तमान में शहर के मुख्य मार्गों, गलियों और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे के ढेर जमा हो गए हैं। बाजार क्षेत्र, स्कूलों के आसपास और घनी आबादी वाले इलाकों में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। आने वाले बारिश के मौसम को देखते हुए हालात और बिगड़ने तथा बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है।

नागरिकों द्वारा बार-बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। स्वच्छ भारत अभियान के दौर में आमगांव जैसे शहर में ऐसी स्थिति चिंताजनक मानी जा रही है। नागरिकों ने मांग की है कि नगर परिषद प्रशासन तत्काल ठेकेदार का बकाया भुगतान करे, स्वच्छता व्यवस्था को बहाल करे और ठेकेदार की आर्थिक समस्या को ध्यान में रखते हुए उचित निर्णय ले।

### बोले संदीप सेठिया (व्यापारी)

'दुकान के सामने कचरे के ढेर लगे हैं। ग्राहक आने से कतराते हैं। स्थिति तुरंत सुधारी जानी चाहिए।'

### बोली सुषमा ताई भुजाडे (गृहिणी)

'रोज कचरा जमा होता है और बदबू फैलती है। बच्चों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ गया है।'

### बोले राम अग्रवाल (विद्यार्थी)

'स्कूल के पास ही गंदगी है, जिससे काफी परेशानी होती है। प्रशासन को ध्यान देना चाहिए।'

### बोले महेश गोयल (स्थानीय निवासी)

'ठेकेदार की आर्थिक समस्या है, लेकिन उसका असर हम नागरिकों पर पड़ रहा है। प्रशासन को तुरंत फैसला लेना चाहिए।'

### बोले डॉ. राहुल बिसेन (निवासी डॉक्टर)..

'शहर के कई सरकारी और निजी अस्पतालों के सामने कचरे के ढेर लगे हैं, जिससे दुर्गंध और संक्रमण का खतरा बढ़ गया है। प्रशासन को तुरंत कचरा उठाने और नालियों की सफाई कर नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना चाहिए।'






## गोंदिया पुलिस डायरी।।

संजीव बापट, शहर प्रतिनिधि मो। 9922607145

### सायकल से आया और मोटरसायकल लेकर हुवा फरार मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के गोरेगाव पुलिस थाना अंतर्गत चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 1/4/2026 के 7 बजे के दरम्यान हिरडामाली नाले के पास फर्यादी ब्रिम्हास्वरूप बाबुराव गजभिये उम्र 52 वर्ष निवासी डव्वा अपनी मोटरसायकल क्रमांक एम एच 35 ए एम 2762 काले रंग की शाईन किमत 40 हजार रुपये गाडी से जा रहे थे । उन्हे लघुशंका लगने से वो नाले के पास रुके और थोडी दुर आगे जाकर लघुशंका करते समय अज्ञात चोर वहा आया और अपनी सायकल वहा खड़ी की और मोटर सायकल लेकर फरार हो गया। फर्यादी के दिये बयान पर अज्ञात चोर के खिलाफ पोस्टे गोरेगाव मे अपराध क्रमांक 196/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत दर्ज कर जॉच सफौ राजकुमार पवार 418 पोस्टे गोरेगाव कर रहे है।

### के टी एस अस्पताल सायकल स्टॅंड से मोटरसाइकल चोरी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के शहर पुलिस थाना अंतर्गत वाहन चोरी का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 2/4/2026 के 11 बजे से 6 बजे के दरम्यान फर्यादी सचिन माधवराव बंसोड उम्र 47 वर्ष निवासी कुंभारे नगर की गाडी दिनभर के दरम्यान वाहन क्रमांक एम एच 35 वाय 7543 किमत 20 हजार रुपये की अज्ञात चोर ने चुराकर ले जाने से दिये शिकायत पर पोस्टे गोंदिया शहर मे अपराध क्रमांक 294/2026 धारा 303,2, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच सफौ भाटीया 143 पोस्टे गोंदिया शहर कर रहे है।

### अज्ञात वाहन की टक्कर मे मोटर सायकल चालक जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के रावणवाडी पुलिस थाना अंतर्गत वाहन अपघात का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/4/2026 के शाम 7 बजे के दरम्यान दासगाव मे राजु मुलचंद दुधबुरे उम्र 45 वर्ष निवासी तेढ्वा अपनी टिव्हीएस मोटरसायकल से जा रहे थे। उसी दरम्यान सामने से आये अज्ञात वाहन चालक ने अपना वाहन लापरवाहीसे चलाकर मोटरसायकल को टक्कर मारकर राजु दुधबुरे को जख्मी करने से फर्यादी के शिकायत पर पोस्टे रावणवाडी मे अपराध क्रमांक 184/2026 धारा 281,125, ए,125, ब भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जाँच पोहवा शरणागत 1503 पोस्टे रावणवाडी कर रहे है।

### एक ही चाकु से 4 लोगो को किया जख्मी मामला दर्ज..

**जगप्रेरणा गोंदिया।**

गोंदिया जिले के तिरोडा पुलिस थाना अंतर्गत मारपीट का मामला दर्ज किया गया है। प्राप्त जानकारी अनुसार दिनांक 3/4/2026 के रात 9 बजे के दरम्यान ग्राम कोडेलोहारा मे फर्यादी श्रीमती हर्षा अतुल नंदेश्वर उम्र 35 वर्ष निवासी रामनगर अपने भाई के घर गई थी। गांव मे उसके बेटे ने आकर बताया की मामा का झगडा चालू है, पता चलते ही फर्यादी अपनी मा के साथ वहा पहुची तो आरोपी ने अंकित टेंभेकर गालीगलौच कर ढकल रहा था। फर्यादी और अन्य रिश्तेदार झगडा छुडाने गये तो आरोपी ने कहा तुम बिच मे क्यो आये बोलकर चाकु से फर्यादी उसके भाई और रिश्तेदार निखील नंदेश्वर और प्रज्वल साखरे चारो को चाकु से मारकर जख्मी करने से केटीएस अस्पताल मे उपचार के दौरान दिये बयान पर पोस्टे तिरोडा मे अपराध क्रमांक 367/2026 धारा 118, 2, 352, भान्यास 2023 के तहत अपराध दर्ज कर जॉच पोउपनी नष्टे पोस्टे तिरोडा कर रहे है।






दैनिक जग प्रेरणा में समाचार एवं विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें..

संजीव बापट गोंदिया
मो. 9922607145

जग प्रेरणा

# गोंदिया भंडारा


● तिरोड़ा ● गोरेगांव ● आमगांव ● सालेकसा ● देवरी ● मोरगांव अर्जुनी ● तुमसर ● साकोली ● लाखांदूर

महावीर डेवलपर्स गोरेगांव
1 महावीर कॉम्पलेक्स
एन.एच.रोड, बस स्टेंड के पास
2. अष्ट विनायक अपार्टमेन्ट
2 बीचके फ्लेट रेडी पजेशन, लिफ्ट, पार्किंग, बैंक लोन सुविधा.. 3) एनए किये हुए प्लॉट उपलब्ध..
संपर्क-नायरा पेट्रोल पंप मो. 9372316555

## सांसद प्रफुल पटेल 7 और 8 अप्रैल को भंडारा-गोंदिया जिले के दौरे पर..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया भंडारा संसदीय क्षेत्र के लोकप्रिय नेता सांसद प्रफुल पटेल दो दिवसीय दौरा कार्यक्रम तय करते हुए 7 व 8 अप्रैल 2026 को भंडारा और गोंदिया जिले के विभिन्न कार्यक्रमों में उपस्थित रहेंगे।***



प्राप्त जानकारी के अनुसार सांसद प्रफुल पटेल दिनांक 7 अप्रैल, 2026 मंगलवार को सुबह 11:00 बजे चांदपुर देवस्थान में श्री हनुमान जी के दर्शन करेंगे, इसके उपरांत सुबह 11:30 बजे एम.टी.डी.सी. रिसॉर्ट, चांदपुर में पार्टी पदाधिकारियों की बैठक लेकर दोपहर 02:00 बजे सिंधी धर्मशाला, खैरलांजी रोड, तिरोड़ा में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ता बैठक लेकर मार्गदर्शन देंगे। इसी प्रकार शाम 05:00 बजे रामनगर, गोंदिया स्थित निवास स्थान पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से भेंट व चर्चा में उपस्थित रहेंगे।

### 8 अप्रैल को नवेगांवबांध में नौकाविहार का करेंगे शुभारंभ..

सांसद प्रफुल पटेल दिनांक 08 अप्रैल बुधवार को दोपहर 12:00 बजे नवेगांव बांध राष्ट्रीय उद्यान में जलाशय नौका विहार का शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत दोपहर 02:00 बजे साकोली में सुनील फुंडे के निवास पर कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों से भेंट करेंगे।

इसके उपरांत दोपहर 03:30 बजे शासकीय विश्राम गृह, लाखनी में कार्यकर्ता बैठक और शाम 05:30 बजे शासकीय विश्राम गृह, भंडारा में कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित रहेंगे। उपरोक्त कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की ओर से सभी पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में उपरोक्त कार्यक्रमों में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

### गोंदिया नगर परिषद में बड़ी अनियमितताएं आई सामने..

## शासन की बिना अनुमति के 20 करोड़ से अधिक की शासकीय निधी नागपुर के प्रायवेट बैंकों में की गई जमा..

### न. प. मुख्याधिकारी एवं लेखापाल मेश्राम सवालों और जांच के घेरे में..

### गोंदिया शहर कांग्रेस ने अनियमितताओं पर की कड़ी कार्रवाई की मांग..







जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया नगर परिषद में नए युवा पार्षदों के निर्वाचन के बाद अब विगत 4 वर्षों के भाजपा प्रशासक कार्यकाल में हुए भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के प्रकरण बाहर आने लगे है। हाल ही में गोंदिया नगर परिषद के कर्मचारीयों के डीसीपीएस एवं जीपीएफ योजना की 20 करोड़ रुपये***

की निधी में अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार गोंदिया न. प. कर्मचारीयों के पगार में कुछ राशी काटकर, नगर परिषद कर्मचारीयों के डीसीपीएस एवं जीपीएफ योजना में जमा कराती है, जिसमें शासन कुछ राशी जोड़कर कर्मचारीयों को आवश्यकतानुसार देता है। उक्त राशी को केवल राष्ट्रीयकृत बैंको में जमा करने के शासन के स्पष्ट निर्देश है, लेकिन जानकारीनुसार गोंदिया न.प. के कर्मचारीयों के डीसीपीएस एवं जीपीएफ योजना की जमा 20 करोड़ रुपये से अधिक की राशी में से 15 करोड़ रुपये नागपुर के आईडीएफसी बैंक तथा 5 करोड़ रुपये से अधिक गोंदिया की प्रायवेट एयू बैंक में नियम विरुद्ध तरीके से बैंक अधिकारीयों से सांठगाठ कर जमा कराए गए है। प्रायवेट बैंक में न.प. की निधी जमा कराने के पूर्व शासन की अनुमति आवश्यक है, लेकिन इस संदर्भ में लेखापाल ने शासन की कोई अनुमति नहीं ली है, वहीं उक्त अनियमितता मुख्याधिकारी की जानकारी में की गई है। ऐसी लिखित जानकारी लेखापाल ने दी है, यह विशेष उल्लेखनीय है।

यह भी गौरतलब है कि न.प. के वर्तमान लेखापाल मेश्राम, पूर्व में हिंगनघाट नगर परिषद में कार्यरत थे, तथा हिंगनघाट न.प. के बैंक खातों को भी उन्होनें इस तरह गैरकानुनी रूप से आईडीएफसी बैंक नागपुर के अधिकारियों से सांठगांठ कर स्थानांतरित कराया था और अब गोंदिया आने पर गोंदिया के बैंक खातों को गोंदिया जिले के बाहर, उसी आईडीएफसी बैंक नागपुर में स्थानांतरीत कराया है। लेखापाल श्री मेश्राम और आईडीएफसी बैंक नागपुर के ब्रांच मैनेजर तथा अन्य संबंधित अधिकारीयों के संबंधो की जांच भी आवश्यक दिखाई दे रही है।

गौरतलब है कि इस संदर्भ में शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक चौधरी, महासचिव मनोज पटनायक तथा पूरणलाल पाथोड़े सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रश्न प्रस्तुत किया है कि आखिर किस अधिकार से गोंदिया शहर की नगर परिषद की शासकीय निधी लेखापाल ने गोंदिया और नागपुर के प्रायवेट बैंकों में स्थानांतरित की। न. प. में चल रही अनियमितताओं पर रोक लगाने तथा कड़ी कार्यवाही बाबत कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस, नगराध्यक्ष सचिन शेंडे एवं जिलाधिकारी गोंदिया को पत्र प्रेषित कर न.प. की करोड़ों रुपये की निधी में अनियमितता करने वाले दोषी लेखापाल मेश्राम के निलंबन की मांग की है, तथा नगर परिषद मुख्याधिकारी से लेकर बैंक की भूमिका की भी जांच की मांग की है।

## नवागत कलेक्टर डॉ. मंगेश गोंदवले आज पहुंचेंगे गोंदिया..

जगप्रेरणा गोंदिया।

***महाराष्ट्र राज्य में नए बदलावों के मद्देनजर शासन द्वारा बड़ी प्रशासनिक सर्जरी कर दी गई है, तथा राज्य के लगभग 25 आईएएस अधिकारियों की अलग अलग पदस्थापनाएं की गई है। इसी***



क्रम में गोंदिया के कलेक्टर प्रजीत नायर का स्थानांतरण पुणे महानगर पालिका में अतिरिक्त आयुक्त के पद पर किया गया है, तो वहीं गोंदिया जिले के नए कलेक्टर के रुप में महाराष्ट्र औद्योगिक कृषि विकास महामंडळ के व्यवस्थापकीय संचालक के पद पर मुंबई में पदासीन रहे डॉ. मंगेश गोंदवले की नियुक्ति की गई है। गौरतलब है कि राज्य सरकार द्वारा 2 अप्रैल को राज्य में 25 आईएएस अधिकारियों के तबादला आदेश जारी किये गए, जिसमें दिये गए आदेश के अनुरुप गोंदिया जिले के वर्तमान कलेक्टर प्रजीत नायर अपना नया पदभार ग्रहण करने के लिये पुणे रवाना हो चुके हैं, जबकि वहीं नवागत कलेक्टर एवं जिलाधिकारी डॉ. मंगेश गोंदवले के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार श्री गोंदवले आज गोंदिया पहुंचेंगे, और गोंदिया के नए कलेक्टर के रुप में पदभार ग्रहण करेंगे। ऐसी जानकारी उनके निज सहायक आकाश चौहान से प्राप्त हुई है।

गौरतलब है कि संचार यंत्रणाओं से प्राप्त जानकारी के अनुसार डॉ. मंगेश गोंडवले, का जन्म 21 जुलाई 1970 को हुआ था। वे महाराष्ट्र कैडर के 2015 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा अधिकारी हैं। वे वर्तमान में मुंबई स्थित एमएआईडीसी में प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत थे, जो उन्होंने 9 जनवरी 2023 से संभाला हुआ है। अब गोंदिया पहुंचने के बाद आज 06 अप्रैल को नवागत कलेक्टर गोंदिया में अपना पदभार ग्रहण करेंगे।

- सूचना -

यदि आपको प्रतिदिन दैनिक जगप्रेरणा समाचार पत्र नही मिल रहा हो तो कृपया दिनेश उके से मोबाईल नंबर 9860558902 पर संपर्क करे।

व्हाट्सअप पर प्रतिदिन की खबरें पढ़ने अपने ग्रुप में जोड़ें जगप्रेरणा को..

बालाघाट एवं गोंदिया से एक साथ प्रकाशित हिन्दी दैनिक 'जगप्रेरणा' समाचार पत्र व्हाट्स अप पर भी आम जनों के लिये उपलब्ध है। अपने ग्रुप में जोड़कर इसका लाभ हजारों लोगों तक पहुंचा सकते हैं। जगप्रेरणा के मो. 93290 33433 को किसी भी ग्रुप में जोड़ा जा सकता है।

## गोंदिया के अजयभाई वडेरा गुजराती लोहाणा महापरिषद के विदर्भ जोन अध्यक्ष मनोनित..

### श्री लोहाणा महाजन गोंदिया समाज एवं लोहाणा युवक मंडल ने किया श्री वडेरा का सम्मान..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया जिले में निवासरत श्री गुजराती लोहाणा महाजन समाज की मातृसंस्था श्री लोहाणा महापरिषद के जोनल अध्यक्ष पद पर गोंदिया के अजय भाई वडेरा को जोन अध्यक्ष (विदर्भ) के मनोनीत किया गया है। ज्ञात हो कि श्री लोहाणा महापरिषद के जोन 12 (विदर्भ) के इस***

महत्वपूर्ण पद में उनके अंतर्गत अकोला, अमरावती, भंडारा, बुलढाना, चंद्रपुर, गढ़चिरौली, गोंदिया, नागपुर, वर्धा, वाशिम और यवतमाल का क्षेत्र शामिल है। इसके पूर्व भी अजय वडेरा लोहाणा महापरिषद के युवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में समाज हित में अनेकों अमूल्य कार्य कर चुके है। श्री लोहाणा महाजन समाज की मातृसंस्था श्री लोहाणा महापरिषद के अध्यक्ष मनोनित किये जाने पर संपूर्ण विदर्भ जोन समाज सदस्यों व वरिष्ठ पदाधिकारियों ने अजय वडेरा को एक सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रदान की है।

### गोंदिया संस्था द्वारा किया गया सम्मान..

गौरतलब है कि श्री लोहाणा महाजन गोंदिया और श्री लोहाणा युवक मंडल की ओर ने समाज के विदर्भ जोन अध्यक्ष चुने जाने पर अजयभाई वडेरा का का श्री लोहाणा महाजन गोंदिया के अध्यक्ष पंकज पलन, सचिव प्रशांत वडेरा एवं कार्यकारिणी के मुख्य सदस्यों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मान किया, वहीं श्री लोहाणा युवक मंडल की नई टीम में अध्यक्ष निलेश सोनछात्रा, सचिव उमेश माधवानी एवं सचिव जिग्नेश वासनी ने भी अजय भाई वडेरा का पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई के साथ ही समाज हित में बेहतर कार्यकाल की शुभकामनाएं दी।

समाज बंधुओं द्वारा स्वागत सम्मान के उपरांत अजयभाई वडेरा ने कहा कि गुजराती लोहाणा महापरिषद के जोन अध्यक्ष के रुप में एक बड़ी जिम्मेदारी उनके कांधों पर दी गई है, तथा इस जवाबदारी के अनुरुप समाज के संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही समाज के सभी सदस्यों को साथ लेकर वे समाजहित के कार्यकलापों को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

## गोंदिया शहर के एस.एस. गर्ल्स कॉलेज में 13 अप्रैल को भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन..





जगप्रेरणा गोंदिया।

***गोंदिया शहर में सामाजिक सेवा और मानव कल्याण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विगत अनेक वर्षों से श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी, एवं श्री गिरिराज गोसेवा मित्र मंडल, गोंदिया के संयुक्त तत्वावधान में भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन वर्ष में दो बार किया जाता है,***

तथा इसी क्रम में एक बार फिर वर्ष 2026 में भीषण गर्मी के दिनों में शासकीय अस्पतालों व ब्लड बैंकों में रक्त की कमी की आपूर्ति के लिये एक भव्य रक्तदान शिविर 13 अप्रैल 2026 दिन सोमवार को आयोजित किया गया है। इस वर्ष यह रक्तदान शिविर में एस. एस. गर्ल्स कॉलेज के सहयोग से तथा एस.एस. गर्ल्स कॉलेज परिसर में आयोजिज किया गया है, जो कि श्री महावीर मारवाड़ी स्कूल सोसायटी, एस. एस. गर्ल्स कॉलेज एवं श्री गिरिराज गोसेवा मित्र मंडल, गोंदिया के संयुक्त तत्वाधान में समारोहपूर्वक संपन्न होगा।

आयोजकों ने बताया कि रक्तदान के प्रति लोगों को जागरूक करना और जरूरतमंद मरीजों की मदद के लिए अधिक से अधिक रक्त संग्रह के लिये यह रक्तदान शिविर आयोजित किया जाता है।

**आयोजक संस्था की ओर से सीए राजेश व्यास ने जगप्रेरणा को बताया कि सोमवार, 13 अप्रैल 2026 को सुबह 8 बजे से दोपहर 4 बजे तक रक्तदान शिविर एस. एस. गर्ल्स कॉलेज, विठ्ठल नगर, गोंदिया में संपन्न होगा, जिसमें अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान के लिये शहर के रक्तदाताओं से हम आहवान करते हैं।**

## दीक्षांत समारोह के माध्यम से लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में नन्हे कदमों ने छुआ नई उड़ान का आसमान





जगप्रेरणा गोंदिया।

***लिटिल वुड्स इंटरनेशनल स्कूल में सीनियर के.जी. के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों का दीक्षांत समारोह अत्यंत हर्ष, उल्लास और भावनात्मक माहौल के बीच मनाया गया। यह अवसर न***

केवल बच्चों के लिए, बल्कि अभिभावकों और शिक्षकों के लिए भी गर्व और खुशी से भरा रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संचालक श्री आशीष जी अग्रवाल एवं संचालिका श्रीमती रेशमा जी अग्रवाल द्वारा माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में आध्यात्मिकता और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय प्रबंधक श्री दीपेंद्र चौहान, प्राचार्य श्री जावेद शेख तथा शैक्षिक सलाहकार श्रीमती मधु पांडे की विशेष उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। मंच से बच्चों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए, जिसे पाकर उनके चेहरे पर आत्मविश्वास और खुशी की चमक साफ़ दिखाई दी। अभिभावकों ने भी अपने भावपूर्ण शब्दों से बच्चों का उत्साहवर्धन किया और विद्यालय के प्रयासों की सराहना की। कार्यक्रम का सशक्त एवं प्रभावशाली मंच संचालन दीपाली मैम एवं अंशुल मैम द्वारा किया गया, जिन्होंने पूरे आयोजन को सहज और आकर्षक बनाए रखा। यह दीक्षांत समारोह नन्हे विद्यार्थियों के जीवन में एक महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ, जिसने उनके उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ते कदमों को नई ऊर्जा और प्रेरणा प्रदान की।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक आशीष वर्मा द्वारा जगप्रेरणा पेपर इंडस्ट्रीज कटंगीकला गोंदिया से मुद्रित तथा कार्यालय जगप्रेरणा, वार्ड नं.16, कल्पतरु मॉल, महावीर चौक, बालाघाट (मध्यप्रदेश) से प्रकाशित..
संस्थापक - स्व. गंगाबिसन जी वर्मा, प्रधान संपादक - आशीष वर्मा मो. 9329033433 आर.एन.आई. रजि. नं. एमपी/हिन्दी/2012/43298 ईमेल - jagprernaw@gmail.com